दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — रईसजादों की पार्टी की भनक थी, काश...
4 अभिव्यक्ति — गांवों को संकट से बचाने की बड़ी...
9 मनोरंजन/खेल — तीन महीने बाद शूटिंग पर लौटीं तापसी पन्नू...
10 आंचलिक — प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद जिला...

www.navpradesh.com
रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2020, श्रावण कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-149 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जहां चाह, वहां राह। खबरिया चैनलों पर अपना चौखटा चमकाने की चाह रखने वाले स्वनाम धन्य नेता कोई न कोई राह ढूंढ ही लेते हैं। आपदा को अवसर में बदलने अवसरवादी नेता सक्रिय हो गए हैं। कोई विवादास्पद बयानबाजी करता है। कोई ट्वीट कर पहलवानी दिखाता है। कोई प्रेस कांफ्रेंस करता है। नई दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ये सारे हथकंडे आजमाने में अव्वल हैं। खबरिया चैनलों को विज्ञापन देने के मामले में तो दिल्ली के मालिक का दिल दरिया है। हर खबरिया चैनल पर हर 10 मिनट में उनका दिव्य दर्शन की दिल्ली के बाशिंदे धन्य हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रिश्तों को लेकर मंत्री सिंहदेव ने फिर दी सफाई, कहा

हमारी जोड़ी सलामत, दिक्कत होती तो इतना काम नहीं होता

■ बोले- भाजपा हमारे संबंधों पर नजर क्यों रख रही है

नवप्रदेश संवादाता

अंबिकापुर। सूबे की सत्ता में तीन पारी लगातार खेलती रही रमन सरकार को उखाड़ फेंकने वाली जोड़ी जय-वीरू के नाम से चर्चित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सड़क की लड़ाई लड़ी तो स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने हर एक मतदाताओं तक पहुंचे। नतीजतन भाजपा को एतिहासिक पराजय मिली और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने इकतरफा जीत हासिल की। दोनों सूबाई सियासत के दिग्गजों के रिश्तों पर घोषित तौर से भाजपा ने कई बार हमले भी किए। जय-वीरू की जोड़ी पर टिप्पणी कई वाक्यातों में भाजपा व्दारा की गई है। हर बार मंत्री टीएस सिंहदेव को दोनों के रिश्तों को लेकर सफाई भी देनी पड़ी है। बुधवार को अंबिकापुर में सिंहदेव के सामने फिर ऐसा मौका आया कि जब उन्हें मुख्यमंत्री बघेल के साथ अपने रिश्तों की बेहतरी का बयान देना पड़ा। उन्होंने कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब भाजपा नेता ओपी चौधरी के सवालों पर देना पड़ा जवाब

हाल में कुछ घटनाओं को लेकर पूर्व कलेक्टर और बीजेपी नेता ओपी चौधरी ने जय-वीरू की जोड़ी पर सवाल खड़े किए थे। सिंहदेव से बुधवार को जब मीडिया ने इस पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दे उठाने की बजाए जय वीरू के संबंधों पर नजर रखे हुई है। भाजपा को कांग्रेस जो काम कर रही है, उसे भी देखना चाहिए। सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश में अगर किसी भी तरह की कोई दिक्कत होती तो इतने कम समय में इतने अधिक काम थोड़े होते। सिंहदेव से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी जय-वीरू में दरार पड़ने के सवाल को खारिज कर चुके हैं। आवसी जोन के उद्घाटन के मौके पर मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा था कि किसी के बीच दरार पड़ने जैसी कोई बात नहीं है।

ट्वीट से भाजपा को मिला था मौका

पिछले दिनों मंत्री टीएस सिंह देव के ट्वीट से भी भाजपा ने ये कहकर हमला बोला था कि भूपेश और टीएस के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। ऐसे में मंत्री टीएस सिंहदेव ने अब भाजपा के इन आरोपों को खारिज करते हुए न सिर्फ सब कुछ ठीक होने की बात कही बल्कि ये भी कहा कि अगर कोई दिक्कत होती तो छग प्रदेश इतना काम नहीं कर पाता। मनरेगा, पीएमजीएसवाई समेत कई योजनाओं में छग ने बेहतर काम किया है ऐसे में मंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि जय और वीरू की जोड़ी को देखने के बजाए भाजपा को जनता के हित के मुद्दे उठाने चाहिए और उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए ये भी कहा कि भाजपा के पास अब कोई मुद्दा नही बचा है।

भारतीय सेना पैनी नजर से देख रही पीछे हटने की प्रक्रिया

दो किमी पीछे हटी चीनी सेना पर जमी हैं भारत की निगाहें

नई दिल्ली/ए। पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर झड़प वाली जगह से दो किलोमीटर पीछे हटने की खबर है। यह पीछे हटने की प्रक्रिया बीते दो दिन से जारी थी। भारतीय सेना के सूत्रों ने बताया कि पीछे हटने की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। हालांकि, सूत्रों ने ये भी बताया कि गलवान नदी के इलाके में चीनी सेना के कुछ वाहन मौजूद हैं। भारतीय सेना के अधिकारियों का कहना है कि सेना पूरी तरह से पीछे हटने की प्रक्रिया को देख रही है। भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा, 'भारत-चीन के सैनिकों के बीच बुधवार को पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 पर पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जवान तकरीबन दो किलोमीटर तक पीछे जा चुके हैं।' सूत्रों ने कहा, 'हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा में सोमवार को दोनों पक्षों (भारत-चीन) के बीच यह प्रक्रिया शुरू हुई थी।' इसके अलावा उन्होंने बताया कि चीनी सैनिकों ने शनिवार से ही अपने बनाए गए ढांचों को हटाना शुरू कर दिया था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीछे हटने पर ही बनेगी आगे की रणनीति

सेना के सूत्रों ने आगे बताया कि दोनों की आपसी सहमति के आधार पर दोनों देशों के सैनिकों को झड़प वाली जगह से लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पीछे हटना था। वहीं, जब एक बार दोनों सेनाएं तय सहमति के मुताबिक, पीछे चली जाएंगी, तब दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच आगे की रणनीति को लेकर बातचीत होगी।

वाशिंगटन के एक्शन पर बीजिंग का पलटवार

अमेरिकी अधिकारियों पर रोक, कहा- तिब्बत में न दें दखल

***बीजिंग।** चीन और अमेरिका के बीच लगातार तनातनी बढ़ती जा रही है। तिब्बत में मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर वाशिंगटन की तरफसे चीन के अधिकारियों पर लगाए गए प्रतिबंध के जवाब में बीजिंग ने भी कुछ ऐसा ही कदम उठाया है। चीन ने बुधवार को कहा कि तिब्बत को लेकर अमेरिका के 'अहंकारी' व्यवहार के चलते वह अमेरिकी नागरिकों पर वीजा बैन लगाएगा।चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने मंत्रालय की ब्रीफिंग करते हुए इस बात का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बीजिंग तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) में विदेशी हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देगा। यह प्रांत भारत की सीमाओं से लगा हुआ है जो दुनिया में सबसे ज्यादा प्रतिबंधित और सेंसर्ड क्षेत्र है। चीन पहले ही तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) में आने के लिए विदेशियों पर प्रतिबंध लगा रखा है और ये न सिर्फअमेरिका बल्कि खासतौर पर राजनयिकों और पत्रकारों पर है। वह सिर्फसीमित संख्या में विदेशी पर्यटकों को अनुमति दे रहा है और आमंत्रित मेहमानों के साथ हमेशा हैंडर्स होते हैं। मंगलवार को अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियों ने तिब्बती क्षेत्रों में चीनी सरकार की तरफसे मानवाधिकारों के उल्लंघन का हवाला देते*■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदेश सरकार ने नए सिरे से की जिलों के प्रभारी सचिवों की नियुक्ति

सिद्धार्थ को दुर्ग व चंपावत को रायपुर की जिम्मेदारी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश सरकार ने नए सिरे से जिलों के प्रभारी सचिवों की नियुक्ति की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध के ओदश जारी किए हैं। सिद्धार्थ कोमल परदेशी को जिला दुर्ग, अविनाश चंपावत को बलौदाबाजार-भाटापारा तथा रायपुर, निरंजन दास को जांजगीर-चांपा, प्रसन्ना आर. को जिला राजनांदगांव, उमेश अग्रवाल को जिला बालोद, अंबलगन पी. को कोरबा, अलरमेलमंगई डी. को रायगढ़, धनंजय देवांगन को कांकेर का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

आदेश में प्रभारी सचिवों को माह में कम से कम एक बार अपने प्रभारी जिले का भ्रमण कर राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी सचिव हर जिले के भ्रमण के संबंध में संक्षिप्त ब्योरा प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गांधी प्रतिष्ठानों में जांच के लिए समित गठित

नई दिल्ली/(वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राजीव गांधी प्रतिष्ठान, राजीव गांधी धर्मार्थ न्यास और इंदिरा गांधी स्मृति न्यास द्वारा विभिन्न वित्तीय प्रावधानों के उल्लंघन की जांच में समन्वय के लिए एक अंतरमंत्रालयीन समति का गठन किया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'गृह मंत्रालय ने राजीव गांधी प्रतिष्ठान, राजीव गांधी धर्मार्थ न्यास और इंदिरा गांधी स्मृति न्यास द्वारा धन शोधन अधिनियम, आयकर अधिनियम, विदेशी अंशदान अधिनियम आदि के विभिन्न कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन की जांच में समन्वय के लिये एक अंतरमंत्रालयी समिति का गठन किया है।' प्रवक्ता ने कहा है कि प्रवर्तन महानिदेशालय के विशेष निदेशक समिति के अध्यक्ष होंगे। उल्लेखनीय है कि इन प्रतिष्ठानों में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बाद ये जांच के घेरे में हैं। भाजपा इस मुद्दे पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करती रही है।

अच्छी खबर

बैटरी से चलेगी रेलगाड़ी, इंजन का सफल परीक्षण

नई दिल्ली/ (वार्ता)। आने वाले दिनों में ट्रेनें भी ई रिक्शा की तरह बैटरी के जरिए दौड़ेंगी। स्वच्छ ईंधन की तरफ एक और कदम बढ़ाते हुये भारतीय रेल ने बैटरी से चलने वाले रेल इंजन का सफल परीक्षण किया है। रेलवे के जबलपुर मंडल में इस इंजन का निर्माण किया गया है और इसे 'नवदूत' नाम दिया गया है। यह डुअल मोड में काम करता है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने एक वीडियो ट्वीट करते हुये 'नवदूत' का परीक्षण सफल रहने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा 'बैटरी से ऑपरेट होने वाला यह लोको एक उज्ज्वल भविष्य का संकेत है, जो डीजल के साथ विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण संरक्षण में एक बड़ा कदम होगा।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	7,68,206	21,144
अमेरिका	3,119,821	134,217
ब्राजील	1,683,738	67,113
ब्रिटेन	286,979	44,517
इटली	242,149	34,914
मैक्सिको	268,008	32,014
फ्रांस	168,810	29,933
स्पेन	299,593	28,396
ईरान	248,379	12,084
रूस	700,792	10,667

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 36329.01
निफ्टी- 10705.75
गोल्ड- 49166 (10 ग्रा.)
सिल्वर-51073 (1 कि ग्रा.)

ईपीएफ, उज्ज्वला, गरीब कल्याण अन्न समेत चार योजनाओं को मिली मंजूरी

■ क्रेंदीय मंत्रिमंडल ने लगाई मुहर

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में ईपीएफ, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और प्रवासी श्रमिकों के लिए किराए पर आवासीय योजना से संबंधित फैसलों को मंजूरी दे दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

तीन माह के लिए बढाई गई थी योजना

जावड़ेकर ने संवाददाताओं से कहा, 'प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजना को नवंबर तक बढ़ाने की घोषणा की थी। मंत्रिमंडल ने उसे अमली जामा पहनाया है। जुलाई से लेकर नवंबर तक पांच महीने यह योजना चालू रहेगी। 81 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम अनाज और एक किलोग्राम चना हर महीने मिलेगा।

लालिमां ने किया मंत्रमुग्ध

रायपुर/नवप्रदेश। बुधवार को रायपुर के आसमान में दिखा ये नजारा कभी-कभी ही देखने को मिलता है। सूर्यास्त के पूर्व सूरज ने आसमान में ऐसी लालिमां बिखेरी कि देखने वाला कर शख्स मंत्रमुग्ध हो गया। इसी दौरान बूढ़ा तालाब के किनारे पतंग उड़ा रहे इन बच्चों ने प्रकृति के इस अद्भुत सौंदर्य में चार चांद लगा दिए। **छाया- महादेव तिवारी**

पाठ्यक्रम कटौती पर सीबीएसई की सफाई

धर्मनिरपेक्षता, संघवाद अब भी 'पाठ्यक्रम' का हिस्सा

नई दिल्ली/ (वार्ता)। देश मे कोरोन संकट के कारण केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पाठ्यक्रम को घटाने पर धर्मनिरपेक्षता और संघवाद जैसे विषयों को हटाए जाने के आरोप से उठे विवाद के बीच बोर्ड ने बुधवार को सफाई देते हुए कहा है कि ये विषय कटौती किए गए पाठ्यक्रम के अभी भी हिस्से हैं। सीबीएसई ने बुधवार शाम जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि बोर्ड को अखबारों में छपी कुछ रिपोर्ट से पता चला है कि नौवीं और 12वीं कक्षा के से संबंधित पाठ्यक्रम में कटौती के जाने के बारे में में गलत धारणाएं फैलाई गई हैं। विज्ञप्ति में बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उसने नौवीं से 12वीं कक्षा के 2020- 21 के शैक्षणिक सत्र में करीब 190 विषयों के पाठ्यक्रमों में 30 फीसदी की कटौती की। इसका मकसद कोरोना महामारी के कारण देश में स्वास्थ्य आपात स्थिति से तनाव से गुजर रहे छात्रों का तनाव कम करना है। बोर्ड ने यह भी कहा है कि 2020- 21 की परीक्षा में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

स्वीकारोक्ति — पहले इस तथ्य को स्वीकार करने से कतराते रहा संगठन अब जल्द ही संशोधित सार जारी करेगा

आखिर डब्ल्यूएचओ ने माना- हवा से फैल सकता है कोरोना

जिनेवा/(वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार हवा के जरिये कोरोना वायरस के फैलने की आशंका को स्वीकार करते हुए कहा है कि वह जल्द ही संशोधित वैज्ञानिक सार जारी करेगा। डब्ल्यूएचओ की विशेषज्ञ बेनेडेटा एलेग्रांजी ने मंगलवार को नियमित प्रेसवार्ता में न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी एक खबर के बारे में पूछे जाने पर कहा 'हम स्वीकार करते हैं कि कोरोना वायरस और महामारी से जुड़े अन्य क्षेत्रों की तरह इस संबंध में भी नये साक्ष्य सामने आ रहे हैं। हमारा मत है कि हमें इस साक्ष्य पर खुले दिमाग से विचार कर वायरस के संक्रमण के तौर-तरीकों के संदर्भ में उसके प्रभाव और इस लिहाज से जरूरी सावधानियों को समझना चाहिए। न्यूयार्क टाइम्स ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इस हफ्ते चीन जाएगा डब्ल्यूएचओ का दल

इस बीच वायरस के मूल का पता लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञों का एक दल इस सप्ताहांत चीन जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. तेद्रोस गेब्रियेसस ने कहा 'सभी तैयारियां हो चुकी हैं। डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ इस सप्ताहांत पर चीन जाएंगे जहां चीनी विशेषज्ञों के साथ मिलकर वे वायरस के मानवेत्तर स्रोत की पहचान के लिए वैज्ञानिक योजना तैयार करेंगे।

'कोविड-19 का सबसे बुरा दौर आना बाकी'

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि दुनिया भर में कोविड-19 संक्रमण का सबसे बुरा दौर आना बाकी है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. तेद्रोस गेब्रियेसस ने कहा कि संक्रमण का प्रकोप तेज हो रहा है और हम स्पष्ट रूप से महामारी के चरम पर नहीं पहुंचे हैं। वैश्विक स्तर पर मौतों की संख्या कम होती दिख रही है लेकिन वास्तव में कुछ ही देशों ने मरने वालों की संख्या कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है जबकि अन्य देशों में मौतें अभी भी बढ़ रही हैं।

डब्ल्यूएचओ से आधिकारिक तौर पर हटा अमेरिका

वाशिंगटन/ (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस को लेकर आपसी मतभेद के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग कर लिया है। अमेरिकी सांसद बॉब मेनेंडेज ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस को राष्ट्रपति कार्यालय से यह जानकारी मिली है कि अमेरिका कोरोना महामारी के बीच डब्ल्यूएचओ से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है।' उन्होंने कहा कि महामारी के बीच ट्रंप का यह निर्णय अमेरिका को अलग-थलग कर देगा।

विकास का एक और गुर्गा मुठभेड़ में गिरफ्तार

कानपुर/ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में कानपुर के चौबेपुर क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार तड़के मोस्टवांटेड अपराधी विकास दुबे के साथी को एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोपी ढाई लाख रुपये के इनामी विकास दुबे के साथी बिकरू गांव निवासी श्यामू बाजपेयी को पुलिस शिवली रोड मुड्डी के बायें जंगल में छिपाये गये हथियार की बरामदगी के लिये ले गयी थी। जीप से उतरने के बाद श्यामू ने जमीन में छिपाये गये तमंचे को निकाल कर पुलिस पर फायर किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने गोली चलायी जो उसके पैर में लगी। इसके बाद जवानो ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधी पर गुरुवार रात दबिश देने गयी पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण पर है सबका हक, इसलिए इसकी रक्षा भी है सबका कर्तव्य
निर्भय सिंह ठाकुर
कृषि स्थायी समिति, जनपद पंचायत मैनपुर

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चलो इस धरती को रहने
योग्य बनाये, सभी मिलकर विश्व
पर्यावरण दिवस मनाये
और एक पौधा जरूर लगाए...
फिरोज खान
वन परिक्षेत्र अधिकारी, उत्तर उदंती मैनपुर

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण की रक्षा
दुनिया की सुरक्षा
नंदलाल वेदव्यास
वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरंगा

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण है हम सबकी जान
इसलिए करो इसका सम्मान
एक पेड़ सौ पुत्र समान
सुदर्शन नेताम
वन परिक्षेत्र अधिकारी, कुल्हाड़ी घाट

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पेड़ लगाओ देश बचाओ,
पेड़ लगाओ जीवन बचाओ,
जीवन खुश हाल बनाओ...
सेवा सहकारी समिति
नेवरा, भरारी, करगी खुर्द
धूमा, पीपरतराई, करगीकला
मिट्ठू नवागांव, बेलगहना, कोटा
सौजन्य :- जिला सहकारी बैंक कोटा शाखा

न्यूज गैलरी

फसल बीमा योजना : बीमा की अंतिम तारीख 15 जुलाई तक

रायपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2020 का लाभ लेने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2020 निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, मूंग एवं उड़द को बीमा के लिए बीमा ईकाई ग्राम पर अधिसूचित किया गया है। इसमें ऋणी और अऋणी किसान भू-धारक एवं बटाईदार सम्मिलित हो सकते है। इस संबंध में संचालक कृषि संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आदेश जारी किया गया है।

सिंचाई विस्तार के लिए 5.86 करोड़ स्वीकृत

रायपुर। राज्य सरकार द्वारा सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए अद्योसंरचना निर्माण के साथ ही सभी जरूरी संसाधन मुहैया कराया जा रहा है। इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग द्वारा कांकेर जिले में सिंचाई क्षेत्र का रकबा बढ़ाने के लिए 5 करोड़ 86 लाख 48 रूपए के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। सिंचाई विस्तार के कार्य पूर्ण होने से किसानों को लगभग 162 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

चबूतरा के लिए 1.36 करोड़ रूपए मंजूर

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की पहल पर मनरेगा के तहत आरंग विकासखण्ड के विभिन्न गांवों के धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण के लिए एक करोड़ 36 लाख 39 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री डॉ. डहरिया द्वारा चबूतरा निर्माण कार्य के लिए गत दिनों भूमिपूजन भी किया गया है। अब जल्द ही धान उपार्जन केन्द्रों में चबूतरा निर्माण हो जाने से किसानों की फसलों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। धान चबूतरा निर्माण की स्वीकृति पर किसानों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

तेलीबांधा थाना सील, खम्हारडीह थाने से होगा काम

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा पुलिस थाने के एक जवान के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद बीती रात थाने को सील कर कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाने के पूरे स्टाफ को क्वारंटाइन किया गया है। अब खम्हारडीह पुलिस थाने को तेलीबांधा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। बता दे कि इससे पहले पुरानी बस्ती, मंदिर हसौद पुलिस थाने के पुलिसकर्मियों के कोरोना संक्रमित पाए जाने पर थाने को सील कर संपूर्ण जिम्मेदारी दूसरे थाने को दी गई थी।

फैक्ट्री में आग से 13 झुलसे, मामला दर्ज

रायपुर। इंडियन इस्पात नामक फैक्ट्री में बीते दिन हुए हादसे में 13 मजदूरों के झुलस जाने के बाद सभी का इलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। रावाभाटा के बंजारी मन्दिर के समीप स्थित का यह फैक्ट्री है। कंपनी में हादसा सुबह उस समय हुआ। जब फर्निश में ईंगार्ड निर्माण का काम चल रहा था। तभी भट्ठी से गर्म लोहा ले जाने वाला लेडल टूट कर नीचे गिर गया। जिससे चारों ओर आग फैल गई और वहां काम करने वाले 13 मजदूर आग की चपेट में आ गए। घटना के बाद सभी को रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां तीन की हालत नाजुक बनी हुई है।

5 वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म, गिरफ्तार

रायपुर। मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। राजधानी के धरसींवा थाना क्षेत्र में 5 साल की बच्ची से 22 साल के युवक ने बहला–फुसलाकर दुष्कर्म किया। धरसींवा थाने से मिली जानकारी के मुताबिक धरसींवां के चरौदा गांव में 5 साल की बच्ची को अपने घर ले जाकर दुष्कर्मी ने वारदात को अंजाम दिया। मामले में आरोपी की गिरफ़्तार हो गई है।

राजधानी पुलिसः सट्टा-जुआ और हुक्का का पता, चाकू लेकर घूमने वालों से बेखबर

रईसजादों की पार्टी की भनक थी, काश 6 गुंडे 307 करने से पहले पकड़ाते

पुलिस के पॉइंटर, बीट ड्यूटी और मुखबीर तंत्र को करना होगा मजबूत

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। काश...अगर ये होता तो एक की जान बच जाती, काश..राजधानी पुलिस को जुआ, सट्टा, घर में रईसजादों का हुक्का अड्डे का पता जैसे चल जाता है उसी तरह घातक हथियार लेकर गुंडे झुंड में किसी की हत्या कर रहे यह भी पता चल जाता तो एक मां के लाडले की जान नहीं जाती। शहर के सभी थानों और उसके स्टाफ को बहेतर पता होता है कि कहां क्या चल रहा है। पुलिस थानों की नाक, कान, आंख होते हैं बीट और पॉइंटर्स। 24 घंटे थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती टीम भी घूमती है..फिर भी गंभीर अपराध का पता लगाने में पुलिस को वारदात के बाद भी कई घंटे लग जाते हैं। जबकि जानलेवा नहीं पर सामाजिक बुराई खासकर रईसजादों या पैसों से जुड़े अपराध की घर बैठे खबर मिल जाती है। मजे की बात यह कि थाना स्टाफ स्वस्फूर्त कार्रवाई कर रंगे हाथों माल-असबाब और अपराधी भी पकड़ लेता है। राजधानी पुलिस के दो थानों की ऐसी ही चौंकाने वाली कार्रवाई से बड़े बिल्डर के घर में खामोशी से बैठे कई रईसजादों को हुक्का पीते पकड़ लिया गया। इसके उलट बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड के पास आधा दर्जन हथियारबंद लड़कों के गैंग ने एक की नृशंस हत्या कर के भाग गए उन्हें 12 घंटे बाद पकड़ा गया। काश हुक्के जैसी कार्रवाई का पता पुलिस को इस हत्या वाले मामले में भी चल जाता।

नामी बिल्डर के मकान में हुक्का पीते 11 पकड़ाए

खम्हारडीह थाना टीआई ममता शर्मा अली को कचना फाटक के पास एक घर में अवैध रूप से चल रहे हुक्का पार्टी की सूचना मिली। शिकायत मिलने के बाद मंगलवार रात करीब 11 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हुक्का पीते 11 रईसजादों को पकड़ा। साथ ही मौके से हुक्का सहित नशीला पदार्थ भी जब्त किया गया। पकड़े गए सभी युवक राजधानी के प्रतिष्ठित परिवार से है। हुक्का पीते पकड़ाए युवकों में अंकित राठी (23), सिद्धार्थ डागा (24) सदर बाजार, श्रुकित जैन (23) टैगोर नगर, कुणाल जैन (24) सदर बाजार, रोहित शर्मा (24) समता कालोनी, करन पारख (22) टैगोर नगर, अर्शित अग्रवाल (25) समता कालोनी, हर्षवर्धन चोपड़ा (24) सदर बाजार, अर्थ अग्रवाल (23) सदर बाजार, सिद्धान्त अग्रवाल (21) दलदल सिवनी, जीतू भोई गणेश नगर सभी कचना फाटक स्थित मोनिका बिल्डर के मकान पर हुक्का पीते पकड़े गए है। सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई खम्हारडीह पुलिस ने की है।

विवाद हुआ, हाफ मर्डर के बाद पहुंची थाना पुलिस

राजधानी में बीती रात मामूली विवाद पर एक युवक पर चाकू, डंडे से जानलेवा हमला कर दिया गया है। घटना में पीड़ित युवक को गंभीर चोट आई है, जिसे लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने वारदात के 12 घंटे के बाद घटना में शामिल एक नाबालिग समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना सेजबाहर थाना क्षेत्र के बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलौनी, डॉ फुले क्लिनिक के पास की है। मंगलवार की रात करीब नौ बजे के आसपास कालौनी के दिनेश शेंद्रे, रवि, रोशन और अनिल अपने घर के बाहर खड़े होकर बात कर रहे थे। इतने में कॉलोनी के एक पुराने हिस्ट्रीशीटर पंकज तिवारी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद रवि और रोशन ने उसे समाझा कर घर जाने को कहा। करीब दो घंटे के बाद आरोपी पंकज तिवारी अपने साथी विनय शर्मा, राजा शर्मा, सलमान गिड्डी सहित एक दर्जन से ज्यादा युवकों को बुलाकर रवि तांडी के साथ हाथापाई करने लगा।

विवाद होता देख रवि का छोटा भाई विनेश बीच बचाव के लिये मौके पर पहुंचा। उतने में आरोपियों ने विनेश पर धारदार चाकू और डंडे से जानलेवा हमला कर फरार हो गये। घटना की शिकायत के बाद मामले ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही इस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की भी जल्द ही गिरफ्तारी का दावा सेजबहार पुलिस ने किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सलमान गिड्डी पिता मोह0 हुसैन उम्र 26 साल निवासी तरूण नगर लोधीपारा शंकर नगर सिविल लाईन रायपुर। साहिल शेख पिता गपफार शेख उम्र 20 साल मौदहापारा। भीष्म नारायण शर्मा पिता कौशल कुमार शर्मा उम्र 30 साल निवासी ग्राम तूता थाना अभनपुर। नितई मण्डल पिता नरेन्द्र मण्डल उम्र 24 साल निवासी माना कैम्प, सैय्यद नासिर पिता सैय्यद शफीक अली उम्र 26 साल निवासी खम्हारडीह, संतोष धुव उर्फ गौरव पिता दशरथ धुव उम्र 27 साल निवासी लोधीपारा मोवा पंडरी व एक अपचारी बालक।

गृह मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस टीम को किया सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बेमेतरा जिले के पुलिस अधीक्षक एवं जवानों के द्वारा अपराधों की रोकथाम और अपराध अन्वेषण एवं खोज-बीन के लिए नवीन तकनीक का उपयोग करने के लिए सम्मानित किया है। गृह मंत्री ने अपने रायपुर निवास कार्यालय में विधायक आशीष छाबड़ा की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल और उनकी टीम को शिल्ड और शाल देकर उन्हें सम्मानित किया। मंत्री श्री साहू ने पुलिस अधीक्षक को अपराधों पर नियंत्रण रखने, शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर सीसीटीव्ही कैमरा लगाने तथा बेमेतरा में पुलिस कंट्रोल रूम बनाने और तीन पालियों में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैफिक्र नियमों का पालन कराने तथा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए अनिवार्य रूप से मास्क लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने घटना की सरसरी तौर पर जानकारी लेते हुए बताया कि पिछले माह तीन जून को अज्ञात ट्रक चालक द्वारा 7 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को गृह मंत्री ने काफी गंभीरता से लेकर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए थे, चूंकि यह कार्य बड़ी मुश्किल थी इसके लिए नये तकनीक जीपीएस डेटा एनालिसीस का उपयोग करते हुए लगभग 12 हजार ट्रकों की जांच की जाकर 19 जून को अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

गोबर खरीदी का विरोध करने वाले ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नहीं समझते

संघ भाजपा नेताओं को बौद्धिक देकर बताए कि गोबर खरीदने का स्वागत क्यों करना चाहिए: कांग्रेस

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आरएसएस ने गोबर खरीदी का स्वागत करने पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा नेता अपनी राजनीति की सीख संघ से ही लेते हैं और गोबर खरीदी के मामले में विरोध करने से पहले एक बार संघ से पूछ लेना चाहिए। और संघ को भी चाहिए कि वे भाजपा नेताओं को थोड़ा बौद्धिक देकर बताएं कि गोबर ख़रीदने के सरकार के फ़ैसले का स्वागत क्यों करना चाहिए?

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा के नेताओं ने सत्ता में 15 वर्ष रहते हुए गाय को सिर्फ वोट मांगने के लिए उपयोग किया और जब भूपेश सरकार ने 'नरवा गरुवा घुरुवा बारी' योजना लागू की तब से उन्हें तकलीफ़ हो रही है. अब जब सरकार ने गोबर खरीदने की घोषणा की है तो भाजपा के नेताओं की तकलीफ़ और बढ़ गई है. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर तो सारी सीमाओं को लांघकर दुष्प्रचार करने में लग गए हैं और राजनांदगांव विधायक रमन सिंह भी उनका समर्थन करते नजर आये। श्री त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह सरकार ने गौरक्षा के नाम पर गौशालाएं बनवाईं और 15 साल के रमन सिंह सरकार में उनको करोड़ों रुपए का अनुदान भाजपा नेताओं की गौशालाओं को सरकार की ओर से मिलता रहा। गौशालाओं की अनुदान राशि की भाजपा सरकार के 15 साल में लगातार बंदरबांट की गयी। लेकिन अंततः भाजपा के नेता गौ सेवा करने वाले नहीं गौमाता को मारकर चमड़े, हड्डी और मांस का व्यापार करने वाले निकले। ऐसा एक से अधिक जगहों पर हुआ। भाजपा को इसी बात की तकलीफ है कि भूपेश सरकार क्यों गाय और गोबर को सम्मान देने की बात कर रही है। श्री त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा नेताओं द्वारा लगातार किया जा रहा गोबर खरीदी का उपहास न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रति उनकी नासमझी दर्शाता है बल्कि सीधे-सीधे हिन्दू धर्म का, भारतीय परंपरा का और छत्तीसगढ़ की अस्मिता और स्वाभिमान का अपमान भी करता है।

एम्स में अब स्पेशल ब्रेस्ट कैंसर क्लीनिक हर बुधवार को

रोगियों की संख्या और उनके हित को देखते हुए लिया गया निर्णय

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर ने एक बार पुनः स्पेशल ब्रेस्ट कैंसर क्लीनिक शुरू करने का निर्णय लिया है। यह क्लीनिक प्रत्येक बुधवार को सर्जरी विभाग में खुलेगा जहां महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच कर आवश्यकता पड़ने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए संभावित तिथियां दी जाएंगी।

एम्स में लॉकडाउन के बाद ओपीडी सहित स्पेशल क्लीनिक भी कोविड-19 के संक्रमण की संभावना को देखते हुए बंद कर दिए गए थे। अब रोगियों के हित को देखते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने इस पुनः शुरू करने की अनुमति दे दी है। पूर्व में इस क्लीनिक पर लगभग 30 महिलाएं स्तन कैंसर की जांच करवाने के लिए प्रत्येक बुधवार को आती थी जिनमें से औसतन पांच से सात महिलाओं को कैंसर का संक्रमण रोकने के लिए तुरंत ऑपरेशन करने की सलाह दी जाती थी। अब पुनः छत्तीसगढ़ और निकटवर्ती राज्यों की महिलाओं के लिए यह क्लीनिक प्रारंभ हो गया है। क्लीनिक डी ब्लॉक के सर्जरी विभाग के कमरा नंबर तीन में आयोजित किया जाएगा।

क्लीनिक के इंचार्ज डॉ. राधाकृष्ण रामचंदानी ने कहा है कि क्लीनिक में एम्स द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क, थर्मल स्केनिंग और अन्य जरूरी उपायों को अपनाने के बाद महिलाओं का चेकअप किया जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो उन्हें तुरंत ऑपरेशन के लिए भी सारी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

ब्लड बैंक में रक्त की आवश्यकता बढ़ी

प्रदेश में अनलॉक की प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद एम्स के ब्लड बैंक में रक्त की मांग और अधिक बढ़ गई है। वर्तमान में यहां 400 यूनिट प्रतिमाह रक्त उपलब्ध हो पा रहा है जबकि आवश्यकता 550 यूनिट प्रतिमाह की होती है। ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. संकल्प शर्मा ने सामाजिक संगठनों और रक्तदाताओं का आह्वान किया है कि वे विशेष शिविर आयोजित कर रक्तदान के लिए आगे आएं या ब्लड बैंक में संपर्क कर समूह में रक्तदान करें। इसके लिए ब्लड बैंक में सभी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। रक्तदाताओं को एम्स में इलाज के लिए विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

महंगाई को डायन बताने वाली भाजपा को महंगाई अब बेहद प्रिय लगने लगी है

केंद्र की मोदी सरकार देश के लिए नुकसानदेह साबित हुई : मोहन मरकाम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मोदी मंत्रीमंडल के आज के फैसलों को मजदूर, किसानों, व्यापार जगर, नौजवानों और मजदूरों के लिये सिर्फ दिखावा और औपचारिकता का निर्वहन निरूपित करनते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि देश की बिगड़ी आर्थिक व्यवस्था इन कृत्रिम उपायों से सुधरने वाली नहीं है। नोटबंदी, गब्बर सिंह टैक्स, जीएसटी, बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम, बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी की मार झेल रहे अर्थव्यवस्था कर्ज बांटने वाले लोन मेलों की निरंतरता से सुधरने वाली नहीं है। कर्ज से मोदी जी के नीरव मोदी, मेहुल चौकसी विजय माल्या जैसो की स्थिति सुधर गयी। देश को आज गंभीरता से काम करने वाले अर्थशास्त्री की आवश्यकता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और कोविड महामारी से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व अर्थात सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी की ओर से बार-बार अनुरोध और सकारात्मक लिखित सुझावों के बावजूद, मोदी सरकार अपने अहंकार में कुछ भी करने में विफल रही है ।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि सरकार बनने पर 100 दिनों में महंगाई कम करने का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार बनाने के 6 साल बाद भी बढ़ती महंगाई को रोकने में असफल है। बीते 4 सालों में देश में महंगाई कम होने की अपार संभावनाएं थी लेकिन मोदी सरकार के मनमानी गलत तरीके से लगाए गए जीएसटी, नोटबंदी ने आम जनता का बंटाधार कर दिया। मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत खाद्यन्न और मैन्यूफैक्कर उत्पादों की बढ़ती कीमतों ही इसके लिए जिम्मेदार है। महंगाई रोकने में भाजपा सरकार नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के कुप्रभाव से देश अभी तक उबर नहीं पाया है। नोटबंदी से अधमरी अर्थव्यवस्था को कमजोर बनाने में कई स्लैब में लगाई गई जीएसटी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। नोटबंदी और जीएसटी के कारण किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, व्यापारी, छात्र सभी वर्ग त्रस्त है। नगद राशि की कमी और जीएसटी के अड़चनदायक प्रावधान से कारोबार ध्वस्त हो चुका है। फैक्ट्रियां उत्पादन की बिक्री नहीं होने के कारण बंद होने के कगार पर खड़ी है। फसल का सही दाम नहीं मिल पाने से किसान हताश, परेशान है। मजदूर, किसान, व्यापारी, मध्यमवर्ग, गरीब सभी मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई और बेरोजगारी झेलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि देश की महंगाई पूरी तरीके से भाजपा सरकार के द्वारा उत्पन्न की गई है। भाजपा सरकार की जुमलेबाजी कथनी-करनी को जनता समझ चुकी है। इस सरकार के रहते इस देश को राक्षसरूपी महंगाई से मुक्ति नहीं मिलेगी। यूपीए सरकार के समय महंगाई को डायन बताने वाली भाजपा को महंगाई अब बेहद प्रिय लगने लगी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार देश के लिए नुकसानदेह साबित हुई है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से देश को लगातार सभी सामाजिक-आर्थिक सूचकांकों पर नीचे खींचने का काम मोदी सरकार ने किया है।

संपादकीय

कोरोना से निपटने कारगर पहल जरूरी

कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 7 लाख से अधिक हो गई है वहीं मृतकों की संख्या भी 20,000 के पार हो चुकी हे। विशेषज्ञों के मुताबिक बरसात के मौसम में कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में कोरोना से निपटने के लिए सरकार को कारगर पहल करनी होगी। कोरोना की वैक्सीन अभी तक नहीं बन पाई है और न ही निकट भविष्य में इसके बनने की कोई संभावना नजर आ रही है। जाहिर है भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में यदि कोरोना वायरस का प्रकोप इसी तरह बढ़ता रहा तो भारत जो अभी इस मामले में दुनिया में अमेरिका और ब्राजील के बाद तीसरे नंबर पर है वह आने वाले कुछ माह बाद पहले नंबर पर भी पहुंच सकता है। सरकार ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से चर्चा करने के बाद देश के अधिकांश राज्यों से लॉकडाउन हटाकर अनलॉक कर दिया है उसके बाद से ही प्रतिदिन 15 से 20 हजार की तादात में कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ रहे है। इसका मतलब साफ है कि लोगों ने अनलॉक का अर्थ यह मान लिया है कि अब कोरोना का खतरा टल चुका है और वे स्वच्छंद आचरण करने लगे है। प्रधानमंत्री की अपील के बावजूद न तो लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर रहे है और न ही मास्क लगाना जरूरी समझ रहे है। आम नागरिकों की बात छोड़िए नेता भी सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। विरोध प्रदर्शन के नाम पर रैलियां की जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में संबंधित पार्टी के कार्यकर्ता बगैर मास्क लगाए शामिल होते है। जब नेता ही ऐसा आचरण करेंगे तो जनता भी कैसे सरकारी दिशा निर्देशों को पालन करेगी। केन्द्र सरकार को चाहिए कि एक बार फिर वे विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कोरोना को लेकर विस्तृत चर्चा करें और सभी की सहमती से नए सिरे से गाईड लाईन जारी करें। आने वाले कुछ माह बेहद चुनौति पूर्ण होंगे अतः यह आवश्यक है कि कम से कम चार-पांच माह के लिए ऐसे सभी राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों पर कड़ाई पूर्वक रोक लगाई जाए जिसमें बड़ी संख्या में लोग जूटते है। जब तक ऐसे कड़े नियम नहीं बनाए जाएंगे तब तक कोरोना से जंग जीत पाना मुश्किल होगा।

विचार -

मजदूरों की राहत बढ़ाएं



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

तालाबंदी के दौरान जो करोड़ों मजदूर अपने गांवों में लौट गए थे, उन्हें रोजगार देने के लिए सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार योजना (मनरेगा) में जान डाल दी थी। सरकार ने लगभग साढ़े चार करोड़ परिवारों की दाल-रोटी का इंतजाम कर दिया था लेकिन इस योजना की तीन बड़ी सीमाएं हैं। एक तो यह कि इसमें दिन भर की मजदूरी लगभग 200 रु. है। दूसरा, किसी भी परिवार में सिर्फएक व्यक्ति को ही मजदूरी मिलेगी। तीसरा, पूरे साल में 100 दिन से ज्यादा काम नहीं मिलेगा। याने 365 दिनों में से 265 दिन उस मजदूर या उस परिवार को कोई अन्य काम ढूंढना पड़ेगा। सरकार ने तालाबंदी के बाद मनरेगा की कुल राशि में मोटी वृद्धि तो की ही, उसके साथ-साथ करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज बांटने की घोषणा भी की। इससे भारत के करोड़ों नागरिकों को राहत तो जरुर मिली है लेकिन अब कई समस्याएं एक साथ खड़ी हो गई हैं।

पहली तो यह कि सवा लाख परिवारों के 100 दिन पूरे हो गए हैं। 7 लाख परिवारों के 80 दिन और 23 लाख परिवारों के 60 दिन भी पूरे हो गए। शेष चार करोड़ परिवारों के भी 100 दिन कुछ हफ्तों में पूरे हो जाएंगे। फिर इन्हें काम नहीं मिलेगा। ये बेरोजगार हो जाएंगे। अभी बरसात और बोवनी के मौसम में गैर-सरकारी काम भी गांवों में काफी है लेकिन कुछ समय बाद शहरों से गए ये मजदूर क्या करेंगे ? इनके पेट भरने का जरिया क्या होगा ? कोरोना और उसका डर इतना फैला हुआ है कि मजदूर लोग अभी शहरों में लौटना नहीं चाहते। ऐसी स्थिति में सरकार को तुरंत कोई रास्ता निकालना चाहिए। वह चाहे तो एक ही परिवार के दो लोगों को रोजगार देने का प्रावधान कर सकती है। 202 रु. रोज देने की बजाय 250 रु. रोज दे सकती है और 100 दिन की सीमा को 200 दिन तक बढ़ा सकती है ताकि अगले दो-तीन माह, जब तक कोरोना का खतरा है, मजदूर लोग और उनके परिवार के बुजुर्ग और बच्चे भूखे नहीं मरेंगे। जब कोरोना का खतरा खत्म हो जाएगा तो ये करोड़ों मजदूर खुशी-खुशी काम पर लौटना चाहेंगे और सरकार का सिरदर्द अपने आप ठीक हो जाएगा। गलवान घाटी का तनाव घट रहा है तो सरकार से यह उम्मीद की जाती है कि वह अब अपना पूरा ध्यान कोरोना से लड़ने में लगाएगी।

टेक ज्ञान- 56 जीबी डेटा और फ्री कॉल

नई दिल्ली। रिलायंस जियो अपने आम यूजर्स के साथ ही जियोफोन यूजर्स के लिए भी कई तरह के धांसू प्लान ऑफर करती है। आज हम आपको जियोफोन के लिए आने वाले ऑल-इन-वन के बारे में बता रहे हैं। इनकी कीमत 75 रुपए से शुरू होकर 185 रुपए तक जाती है। यूजर्स को इनमें 56 जीबी तक डेटा मिल जाता है। साथ ही फ्री कॉलिंग और अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं। यह सबसे सस्ता ऑल इन वन प्लान है। 28 दिन की वैलिडिटी वाले इस प्लान में टोटल 3 जीब डेटा मिलता है।

गांवों को संकट से बचाने की बड़ी चुनौती

योगेश कुमार गोयल

बिस्तरों की उपलब्धता का यह संकट हालांकि केवल भारत की समस्या नहीं है बल्कि चीन, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, इटली, अमेरिका इत्यादि विकसित देश भी इस समस्या से जूझते दिखाई दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक प्रत्येक एक हजार नागरिकों पर अमेरिका में 2.8, इटली में 3.4, चीन में 4.2, फ्रांस में 6.5 तथा दक्षिण कोरिया में 11.5 बिस्तर उपलब्ध हैं। दूसरी ओर भारत में प्रत्येक दस हजार लोगों पर करीब छह अर्थात् 1700 मरीजों पर सिर्फएक बिस्तर उपलब्ध हैं। ग्रामीण अंचलों में स्थिति काफी खराब है, जहां करीब 3100 मरीजों पर महज एक बिस्तर उपलब्ध है। बिहार में तो प्रत्येक सोलह हजार लोगों पर केवल एक ही बिस्तर उपलब्ध है। झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, गुजरात इत्यादि में भी करीब दो हजार लोगों पर महज एक बिस्तर उपलब्ध है। देशभर में करीब 26 हजार सरकारी अस्पताल हैं अर्थात् प्रत्येक 47 हजार लोगों पर मात्र एक सरकारी अस्पताल। 'नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2019' की रिपोर्ट के मुताबिक सेना और रेलवे के अस्पतालों को मिलाकर देशभर में कुल 32 हजार सरकारी अस्पताल हैं।

कोरोना पूरी दुनिया में कहर बरपा रहा है। इससे जहां दुनियाभर में करीब सवा करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं, वहीं साढ़े लाख मौत के मुंह में समा चुके हैं। भारत में भी कोरोना संक्रमितों और इससे होने वाली मौतों का ग्राफ लगातार ऊपर ओर जा रहा है। देश में अब करीब 20 हजार मामले प्रतिदिन सामने आ रहे हैं और कोरोना संक्रमितों की संख्या साढ़े छह लाख को पार कर गई है। बड़ी संख्या में श्रमिकों के गांवों की ओर पलायन और देश में तमाम औद्योगिक व अन्य गतिविधियों की शुरूआत के बाद कोरोना संक्रमण के तेजी से फैलने की संभावना बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों के दृष्टिगत तो यह बेहद खतरनाक है क्योंकि संक्रमण को लेकर बड़ी चिंता अब देश के ग्रामीण इलाकों को लेकर है। कई जगहों पर अपने क्षेत्रों तक पहुंचे श्रमिकों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि भी हुई लेकिन ऐसे लोगों की संख्या भी बहुत ज्यादा हो सकती है, जिनकी जांच के अभाव में उनमें कोरोना संक्रमण का पता ही नहीं चल पाता। चिंता की बात यह है कि अगर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण का प्रसार हुआ तो उससे निपटना लगभग असंभव होगा क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में मरीजों के लिए प्रायः अनिवार्य सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं होती।

तमाम जिम्मेदार संस्थाएं आशंका जताती रही हैं कि यदि कोरोना संक्रमण भारत के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच गया तो हालात कितने भयावह होंगे, उसका अनुमान लगाने से ही रोम-रोम सिहर उठता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) सहित तमाम चिकित्सा विशेषज्ञ पहले ही आशंका जता चुके हैं कि अगर यह महामारी गांवों में फैली तो उससे निपटना असंभव होगा। दरअसल ग्रामीण इलाकों में सामान्य बीमारियों के इलाज की ही संतोषजनक सुविधा उपलब्ध नहीं होती, फिर भला कोरोना की जांच और इलाज होने की कल्पना ही कैसे की जा सकती है? स्वास्थ्य सेवाओं में 102वें स्थान पर आने वाले सवा अरब से अधिक आबादी वाले भारत की बहुत बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां स्वास्थ्य ढांचा बुरी तरह चरमराया हुआ है। अगर गांवों में कोरोना महामारी बनकर फैला तो वहां संक्रमितों की पहचान करना और उनके सही आंकड़े जुटाना दुष्कर कार्य होगा। आईसीएमआर में वायरोलॉजी के विशेष शोध के पूर्व प्रमुख डा. टी जेकब जॉन के मुताबिक भारत में जल्द ही कोरोना संक्रमण अपने चरम तक पहुंच सकता है। उनके अनुसार कोरोना संक्रमण जिस तरह से देश में फैल रहा है, उस दृष्टि से आने वाले दिनों में भारत की एक करोड़ से ज्यादा आबादी इसकी चपेट में आ सकती है। कई अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों का भी दावा है कि जुलाई माह के अंत तक भारत में संक्रमितों की संख्या 15 लाख तक हो सकती है और ऐसी स्थिति से निपटने लिए भारत में मौजूदा मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और मेडिकल उपकरणों की संख्या काफी कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही कह चुका है कि भारत में कोरोना को परास्त करने के लिए जनस्वास्थ्य के लिए पर्याप्त कदम उठाने होंगे लेकिन अब जिस प्रकार देश की बहुत बड़ी आबादी को उसी के हाल पर छोड़ दिया गया है, उसे देखते हुए आने वाले दिनों में स्थिति विस्फोटक हो सकती है।

यदि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना महामारी फैलती है तो उसके उपचार के लिए हमारा स्वास्थ्य ढ़ांचा कितना मजबूत है, उस पर भी एक नजर डाल लें। 'नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2019' की रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुल 26 हजार अस्पतालों में से हालांकि ग्रामीण भारत में ही करीब 21 हजार अस्पताल हैं लेकिन इनकी हालत संतोषजनक नहीं है। रिपोर्ट में बताया गया था कि यदि ग्रामीण भारत की मात्र 0.03 फीसदी आबादी को भी जरूरत पड़े तो सरकारी अस्पतालों में उसके लिए बिस्तर उपलब्ध नहीं होंगे। देशभर के सरकारी अस्पतालों में सात लाख से अधिक बिस्तर हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाली देश की दो तिहाई आबादी के लिए बिस्तरों की संख्या महज 2.6 लाख ही है। निजी अस्पतालों, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर और कम्युनिटी सेंटर को भी शामिल कर लें तो कुल बिस्तरों की संख्या करीब 10 लाख ही है। बिस्तरों की उपलब्धता का यह संकट हालांकि केवल भारत की समस्या नहीं है बल्कि चीन, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, इटली, अमेरिका इत्यादि विकसित देश भी इस समस्या से जूझते दिखाई दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक प्रत्येक एक हजार नागरिकों पर अमेरिका में 2.8, इटली में 3.4, चीन में 4.2, फ्रांस में 6.5 तथा दक्षिण कोरिया में 11.5 बिस्तर उपलब्ध हैं। दूसरी ओर भारत में प्रत्येक दस हजार लोगों पर करीब छह अर्थात् 1700 मरीजों पर सिर्फएक बिस्तर उपलब्ध हैं। ग्रामीण अंचलों में स्थिति काफी खराब है, जहां करीब 3100 मरीजों पर महज एक बिस्तर उपलब्ध है। बिहार में तो प्रत्येक सोलह हजार लोगों पर केवल एक ही बिस्तर उपलब्ध है। झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, गुजरात इत्यादि में भी करीब दो हजार लोगों पर महज एक बिस्तर उपलब्ध है।

देशभर में करीब 26 हजार सरकारी अस्पताल हैं अर्थात् प्रत्येक 47 हजार लोगों पर मात्र एक सरकारी अस्पताल। 'नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2019' की रिपोर्ट के मुताबिक सेना और रेलवे के अस्पतालों को मिलाकर देशभर में कुल 32 हजार सरकारी अस्पताल हैं। हालांकि निजी अस्पतालों की संख्या 70 हजार के आसपास है। अरूणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्यों में एक लाख आबादी पर क्रमशः 16 व 12 सरकारी अस्पताल हैं लेकिन देश की कुल 21 फीसदी आबादी वाले राज्यों दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात तथा आंध्र प्रदेश में अस्पतालों की संख्या प्रति एक लाख लोगों पर एक से भी कम है। दिल्ली में 1.54 लाख लोगों पर एक, महाराष्ट्र में औसतन 1.6 लाख लोगों पर एक, मध्य प्रदेश में 1.56 लाख तथा छत्तीसगढ़ में 1.19 लाख लोगों पर एक-एक, गुजरात में 1.37 लाख और आंध्र प्रदेश में प्रत्येक दो लाख लोगों पर एक-एक अस्पताल हैं। अरूणाचल प्रदेश तथा हिमाचल में क्रमशः 6300 और 8570 लोगों पर एक-एक अस्पताल उपलब्ध हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपलब्धता देखें तो देशभर में करीब 1.17 लाख डॉक्टर हैं अर्थात् लगभग 10700 लोगों पर एक डॉक्टर ही उपलब्ध है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के नियमानुसार प्रत्येक एक हजार मरीजों पर एक डॉक्टर होना चाहिए लेकिन ग्रामीण भारत में तो यह औसत 26 हजार लोगों पर एक डॉक्टर का ही है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2019 के आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में 6.2 करोड़ की ग्रामीण आबादी पर सरकारी अस्पतालों में 70 हजार लोगों के लिए केवल एक डॉक्टर उपलब्ध है।

ओबीसी के बीच सर्वे करवाए सरकार

उपेन्द्र प्रसाद

क्या कोई चपरासी किसी समाज के क्रीमी लेयर का हिस्सा हो सकता है? दरअसल फॉर्मूला ठीक करने के लिए सरकार गलत तरीके से सोंच रही है। उस`पहले यह निर्णय करना चाहिए कि क्रीमी लेयर होता क्या है। किसी समाज के क्रीम से क्या मतलब होता है और उस क्रीम को ही उससे अलग करना चाहिए। सरकारी सेवकों से संबंधित वे प्रावधान गलत नहीं हैं। गलत है तो क्रीमी लेयर का निर्धारण करने के लिए आर्थिक आधार का प्रावधान। और अगर आर्थिक आधार है भी तो उस आधार को रखते समय इसका ख्याल रखा जाय कि द्वितीय श्रेणी का कर्मचारी अपनी सेवा के अंतिम साल में सालाना आय पाता हो, कम से कम उतना तो क्रीमी लेयर की आर्थिक सीमा होनी ही चाहिए। यदि यह आय 25 लाख रुपये सालाना है, तो क्रीमी लेयर की आर्थिक सीमा गैर सरकारी लोगों के लिए भी आय 25 लाख होना चाहिए अथवा क्रीमी लेयर के अन्य गैर आर्थिक मानदंड तय करना चाहिए।

ओबीसी के क्रीमी लेयर को लेकर सरकार एक बड़ी घोषणा करने जा रही है। क्रीमी लेयर की आर्थिक सीमा प्रति वर्ष 8 लाख रुपये सालाना आय से बढ़ाकर 12 लाख रुपये होने जा रही है। इस तरह की वृद्धि समय समय पर होती रही है। जब ओबीसी के आरक्षण को केन्द्र सरकार ने लागू किया था, तो यह सीमा एक लाख रुपये थी। यह 1993 की बात है। उसके 27 साल हो चुके हैं और इस बीच रुपये का भारी अवमूल्यन हुआ है। इसलिए 12 लाख की सालाना आय यदि सरकार कर देती है, तो उसमें कुछ भी गलत नहीं होगा। लेकिन इसके साथ साथ एक और बदलाव करने की सरकार की योजना है और उसके कारण विवाद हो सकता है। सच तो यह है कि यह विवाद शुरू भी हो गया ळें

1993 में ओबीसी के क्रीमी लेयर की जो अवधारणा तैयार की गई थी, वह दोषपूर्ण थी। उसके तहत क्रीमी लेयर तय करने के लिए आर्थिक आधार तय कर दिया गया था। जिस इन्दिरा साहनी बनाम केन्द्र सरकार के मुकदमे के फैसले के तहत क्रीमी लेयर लागू करने का फरमान था, उसी फैसले में कोर्ट ने आर्थिक आधार पर दिए गए आरक्षण को अवैध घोषित कर दिया था। तब कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि किसी जाति के पिछड़ेपन का आधार सामाजिक और शैक्षिक ही हो सकता है और आर्थिक आधार पर आरक्षण को कोई प्रावधान संविधान में नहीं है। लेकिन क्रीमी लेयर तय करते समय इसे निर्धारण करने वाली प्रसाद समिति ने एक आर्थिक आधार भी तय कर दिया। यह सुप्रीम कोर्ट के ही आर्थिक आधार पर आरक्षण को निरस्त करने के फैसले से मेल नहीं खा रहा था।

क्रीमी लेयर का निर्धारण पूरी तरह से आर्थिक आधार पर किया भी नहीं गया था, यह समाज के उन लोगों पर लागू होता था, जिसके माता-पिता किसी संवैधानिक पद पर नहीं हों, सरकार में 40 साल के पहले प्रथम श्रेणी के अधिकारी नहीं रहे हों और माता- पिता दोनों एक साथ द्वितीय श्रेणी के अधिकारी नहीं रहे हों। लेकिन इसमें समस्या यह आई कि अनेक सरकारी अधिकारी और कर्मचारी, जो क्रीमी लेयर में नहीं आते थे, उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से ज्यादा थी। अतः उनपर भी आर्थिक आधार लागू होने से वे नॉन-क्रीमी लेयर से बाहर हो जाते थे, जबकि क्रीमी लेयर के प्रावधान में उन्हे क्रीमी लेयर से बाहर ही माना गया था। इसलिए सरकार ने बताया कि उनकी सालाना आय तय करते समय उन्हें सरकार से मिलने वाली आय की गिनती नहीं होगी। यानी यदि कोई द्वितीय श्रेणी का सरकारी अधिकारी 5 लाख रुपये सालाना पा रहा हो, तो वह क्रीमी लेयर में नहीं गिना जाएगा और उसके बच्चों को ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलेग। दूसरी तरफयदि कोई निजी किसी निजी संस्थान में नौकरी करता है या चाय की दुकान भी चलाता है और उसकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये हो तो उसे क्रीमी लेयर मानकर आरक्षण की सुविधा से वंचित कर दिया जाएगा।

अभी तक यही हो रहा है। आय क्रीमी लेयर की आर्थिक सीमा 8 लाख रुपये है और यदि कोई टैक्सी चलाने वाला व्यक्ति 8 लाख से ज्यादा की सालाना आय प्राप्त करता हो, तो वह ओबीसी के क्रीमी लेयर का हिस्सा बन जाएगा, जबकि उसी का भाई, जो सरकारमें 40 साल की उम्र के बाद प्रथम श्रेणी का अधिकारी बन गया हो और 20 लाख रुपये सालाना वेतन पा रहा हो, तो वह क्रीमी लेयर में नहीं है। उसकी पत्नी यदि सरकार में तृतीय श्रेणी की कर्मचारी हो और उसे भी 15 लाख रुपये सालाना आया हो रही हो, तो पति पत्नी को मिलाकर 35 लाख रुपये सालाना आय के बावजूद वह क्रीमी लेयर में नहीं आएगा, जबकि टैक्सी चलाकर 8 लाख रुपये प्रति साल कमाने वाला उसका भाई क्रीमी लेयर माना जाएगा। 1993 में जब इसे लागू किया गया था, तो इसे कोर्ट में चुनौती दी जानी चाहिए थी, क्योंकि यह क्रीमी लेयर में आर्थिक आधार को डालने वाला था और आर्थिक आधार डालने के बावजूद सरकारी सेवा में लगे लोगों और सरकारी सेवा में नहीं लगे लोगों के बीच भेद करता था। लेकिन कोई कोर्ट नहीं गया, क्योंकि पिछड़े तो आखिर पिछड़े ही होते हैं और कोर्ट जाने के लिए भी एक प्रकार का अगड़ापन चाहिए। बहरहाल वह गलत फॉर्मूला अभी भी चल रहा है, जिसमें सरकारी सेवक 35 लाख की सालाना आय के बावजूद क्रीमी लेयर नहीं माने जाते और निजी क्षेत्र में काम करने वाले या स्वरोजगार करने वाले 8 लाख सालाना कमाने के बावजूद क्रीमी लेयर कहे जाते हैं।

अब सरकार इस फॉर्मूले को दुरुस्त करना चाहती है, लेकिन उसने जो नया फॉर्मूला पेश किया है, क्या वह उचित है? वह अब सरकारी सेवकों की सालाना आय को भी क्रीमी लेयर तय करते समय गणना करने के पक्ष में हैं। इससे होगा यह कि यदि कोई चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी भी अपनी सेवा के अंतिम वर्ष में हो और उसकी आया 12 लाख रुपये सालाना हो, तो वह क्रीमी लेयर में आ जाएगा और उसकी संतान ओबीसी आरक्षण पाने से वंचित रह जाएगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नरेंद्र मोदी ने चीन

नरेंद्र मोदी ने चीन को बता दिया मैप हो या एप, हद पार करोगे तो करारा जवाब मिलेगा. वो ज़माना चला गया जब हम चुप रह जाते थे. अब दुश्मन को चोट वहाँ करते हैं जहां दर्द सबसे ज़्यादा होता है।

- सचिन चौधरी

स्त्रियां अक्सर पुरूष के

स्त्रियां अक्सर पुरूष के गुस्से या नफरत में भी अपने लिए प्रेम तलाशने की कोशिश करती है,, लेकिन अधिकतर पुरुष स्त्री के थोड़े से भी गुस्से या तेज आवाज को सीधे अपने स्वाभिमान से जोड़कर देख लेते है,,तुरन्त उनके आत्मसम्मान को ठेस भी लग जाती है,,, प्रेम और समर्पण के मामले में वो स्त्रियो की बराबरी कभी भी नही कर सकते..!!

- निशा रावल

खास पाती

देखा है हमने अक्सर प्रेमी

देखा है हमने अक्सर प्रेमी प्रेमिकाओं को जो दिल से ही नही पैरों से भी पागल होते है एक दूसरे के पास पहुँच कर गले लगने के लिए सभी ने चुन लिया अपनी अपनी पसंद का प्रियतम मेरी बारी आई मैंने तुमको चुन लिया चाँद , ताकि कह सकूँ अपने मन की भावनाओं को अक्षर अक्षर सुना है तुम सबकी बातें सुनते हो किसी की भावनाओं से खेलते नही. मुझे आशा है साँझ ढलते ही तुम्हारे पैर भी पागल रहेंगे मुझे गले लगाने के लिए।

- आकाश कुशवाहा

उपवन झूले पड़ गए देखत हिय

उपवन झूले पड़ गए, देखत हिय ललचाय। बिन साजन के रँग रभस,मोहे कछु न सुहाय ।। बोली दादुर मोर के, हिया उठाबे पीर। टिप-टिप ,टप- टप बूंद से,जिय में लागे तीर।। उमड़ घुमड़ के बादड़ा,बरसे बादल चीर। विरहन नैन बहा रही,जैसे नभ से नीर।। प्रियतम जिय हताश है,प्रेम सुधा दो घोल। अबके सावन साजना,मन के पट दो खोल।।

- रूबी झा 'कमल'

पिय मिलन की बेला आई सखी

पिय मिलन की बेला आई सखी। चौमुख दीप जलाय सुरति के स्वांसन मंगल गावो सखी।। ज्ञान उवटने उवटि उवटि सब तन मन मैल बहाओ सखी।। सहज श्रृंगार अंजि दृग अंजन हिय प्रीतम रुप सजाओ सखी।। सुकरम पहिर चूड़लो हाथन भक्ति चुनरी धारो सखी।। मारग अगम दूर पिय नगरी टोसा कांख लगावो सखी।। आवें कहार द्वार लै डोली हुलसि हुलसि चढ़ जावो सखी।

- देवयानी भारद्वाज

अनुभूति क्या तुमको सताता है

अनुभूति क्या तुमको सताता है, वही शख्स जो तुमको प्रतिपल अपना बताता है, खोने का डर नहीं तुमको क्या, नभ भी यही पूछता है, क्या तुम सफ़र पर हो, मैंने जवाब दिया - बड़ी मुश्किल से कहा - मैं अनन्त यात्रा पर हूँ पर्वत से होकर गुजर रही हूँ, काँटों की चुभन सह रही हूँ, नदी सी भटक रही हूँ आखरि यह क्या कर रही हूँ..!

- अनुभूति गुप्ता

पागलों ने पागलों की पगलाती पंगत

पागलों ने पागलों की पगलाती पंगत की, पल पल,तोल तोल पकड़ पिटाई की। हाथ-पैर मुख बांध कर रहे खींचातान, लाल पीले किये गाल मोहक रंगाई की । अजब बनाया वेश काट दिए सभी केश वस्त्र किये तार तार तारों से सिलाई की। पागलों की दुनिया की कहां लो बतायें बात पहना पादुका के हार, झाड़ू से धुनाई की।

- लता यादव

कुछ कहे बिना सब सुनाई देता है

कुछ कहे बिना सब सुनाई देता है , मन का कारंवा सदा साथ रहता है! लाख बात मन में दाब कर रखिये , ऑखों का दर्द सब कुछ कहता है ! झुककर दिल से सलाम करे उनको , जो दर्द को भी मुस्कुरा के सहता है।

- राज चुन्नी

ये भी क्या दिन है आज मोस्टवांटेड

ये भी क्या दिन है आज मोस्टवांटेड की है तलाश देश ढूंढ रहा है विकास । खाकी, खादी की सम्मान कैसे करें अब हम विश्वास ये भी क्या दिन है आज।

- सुरेश वैष्णव

QUIZ TIME

1) किस नगर को 'पूर्व का बोस्टन' कहा जाता है?
(क) मुंबई (ख) अहमदाबाद (ग) कोयंबटूर (घ) मदुराई

2) 2019 में किस आंदोलन का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है- (भारत छोड़ो आंदोलन / रॉलेट सत्याग्रह)

3) मछली खाने से मर्करी की विषाक्तता के कारण होने वाला रोग कौन सा है?

4) स्टॉक एक्सचेंज में जो व्यक्ति शेयरों की कीमत गिरने की आशा कर सौदे कर भविष्य में देने का वायदा कर बेचते हैं, क्या कहलाता हैं?

5) मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया पोर्टल का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अहमदाबाद (2) रॉलेट सत्याग्रह (3) मिनामाता (4) मंदड़िया (5) मनोदर्पण

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1533- धार्मिक उपदेशक चैतन्य देव का 47 साल की आयु में जगन्नाथ पुरी में निधन। 1816- दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1852- कनाडा के मांट्रियल शहर में 1100 निर्माणाधीन इमारतें भयानक आग लगने से जलकर खाक हुई। 1875- देश के पहले स्टॉक एक्सचेंज 'बम्बई स्टॉक एक्सचेंज' की स्थापना हुई। 1877- पहली बार विंबल्डन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 1925- हिन्दी फिल्मों के जाने माने अभिनेता, निर्माता एवं निर्देशक गुरुदत्त का जन्म हुआ। 1944- नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी के लिए आजाद हिंद फ़ौज का नेतृत्व स्वीकार किया। 1951- भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) की शुरुआत हुई।

8 मिमी सेक्योर ब्रांड की सफलतापूर्वक रोलिंग

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के आधुनिक बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) ने 07 जुलाई को सेल-सेक्योर 8 मिमी टीएमटी वायर रॉड्स की कमर्शियल रोलिंग प्रारंभ कर दिया है। टीएमटी ग्रेड का सेक्योर ब्रांड सुरक्षित है और इसमें बेहतर लचीलेपन के साथ सुदृढ़ मजबूती की दोहरी विशेषताएँ हैं, जो उत्पाद की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करती है। इसकी उच्च श्रेणी की विशेषताएँ बाजार में उपभोक्ताओं की पहली पसंद बनती जा रही हैं। इस उत्पाद में श्रेष्ठ प्लास्टिक एनर्जी के अवशोषण की क्षमता के साथ-साथ इसकी बेहतर तन्यता, भूकम्प, सुनामी तथा तूफान आदि में इससे बने स्ट्रक्चर घरों के लिए अधिक सुरक्षित होते हैं। इसके पूर्व भिलाई में बार एंड रॉड मिल ने 10, 12 और 16 मिमी साईज में टीएमटी रि-बार्स के सेक्योर ब्रांड की सफलतापूर्वक व्यावसायिक रोलिंग को अंजाम दिया है। विदित हो कि 28 मई को सेल-सेक्योर 12 मिमी टीएमटी बार्स की व्यावसायिक रोलिंग प्रारंभ की गई थी। इसके पश्चात् जून, 2020 के महीने में सेक्योर 12 एवं 16 मिमी टीएमटी बार्स की रोलिंग शुरु की गई। सभी तीन साईजों में सेक्योर टीएमटी बार्स के लगभग कुल मात्रा 3000 टन है।

बीआरएम में 10, 12 और 16 मिमी सेल-सेक्योर टीएमटी बार्स की सफल व्यावसायिक रोलिंग के बाद, 7 और 8 जुलाई, 2020 को 8 मिमी सेल-सेक्योर वायर रॉड्स के सफल व्यावसायिक रोलिंग से अब सेल-भिलाई के प्रोडक्ट बास्केट में एक नये उत्पाद की वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि बीआरएम प्लेन और टीएमटी वायर रॉड कॉइल के 5.5 मिमी से 12 मिमी रेंज के साईजों में रोलिंग करने में सक्षम है। भिलाई का बार एवं रॉड मिल, एक मॉडेक्स इकाई है, जिसे स्ट्रेट बार्स एवं वायर रॉड कॉइल के रूप में विभिन्न प्रकार के सेक्शन को तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। बार एवं रॉड मिल, हाई कार्बन स्टील, स्प्रिंग स्टील और बियरिंग स्टील, इलेक्ट्रोड क्वालिटी, फ्री कटिंग क्वालिटी स्टील, कोल्ड हेड स्टील, लो अलॉय स्टील, फोर्जिंग क्वालिटी स्टील राउंड बनाने में सक्षम है। टीएमटी बार्स उत्पादों की बेहतर उत्पाद गुणवत्ता, शून्य टॉलरेंस और सुसंगत यौँत्रिक गुणों तथा आईएस 1786 मापदंडों के अनुसार उत्पादित अच्छी वेल्डेबिलिटी को के ग्राहकों द्वारा व्यापक रूप से सराहना की जा रही है। बार एवं रॉड मिल का फिनिश्ड प्रोडक्ट 5.5 मिमी वायर रॉड कॉइल से लेकर 60 मिमी के रेंज तक है। टीएमटी का रेंज 6 मिमी से 40 मिमी तक है।

21 मालिकों पर निगम ने लगाया 16 हजार जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासन की रोका.छेका अभियान के तहत् निगम क्षेत्र के 21 पशुपालकों द्वारा मवेशियों को घर के बाहर छोड़ा। सभी 21 लोगों से 500 से 2500 तक का जुर्माना लगाया। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में रोका.छोका अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत निगम द्वारा शहर के मवेशी मालिकों से संकल्प पत्र भरवाया गया है। बावजूद पशुपालक अपने मवेशियों को खुला छोड़ दे रहे हैं। निगम का दल आज चण्डीमंदिर वार्ड, ब्राम्हण पारा, सिकोला बस्ती, पोटियाकला तमेरपारा वार्ड, मरारपारा वार्ड में घर.घर जाकर मवेशियों की जांच की गई। जिसमें वार्ड 33 शिवपारा चंडीमंदिर के रमेश शर्मा, सुरेश गुप्ता, जानकी बाई यादव, द्वारिका यादव, ब्राम्हणपारा के सुरेश शर्मा, शिवकुमार सोनी, सिकोला बस्ती के श्रीराम यादव, आबादीपारा पोटिया के पिन्टू यादव, लक्ष्मण मानिकपुरी, तमेरपारा वार्ड 30 के मनी चंद्राकर, दीपक राजपूत, संतोष यादव, आकाश दाबानी, अधर्म देशमुख, मंटु सेन, मरारपारा के अशोक यादव, अमरीका बाई, सुखदास मानिकपुरी से कुल 16300 रु0 जुर्माना लिया।

न्यूज गैलरी

भावभीनी विदाई

दुर्ग। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक अनिल श्रीवास्तव अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में आयोजित विदाई समारोह में विभाग के सेवानिवृत्त अपर संचालक सीके शुक्ला, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक पीसी वर्मा, महाप्रबंधक राजीव शुक्ला व सीएसआईडीसी के मुख्य महाप्रबंधक सिमोन एक्का व सीएसआईडीसी के समस्त अधिकारी व कर्मचारी एवं जिला व्यापार एवं उद्योग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थें।

ई.लोक अदालत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा निर्देश पर 11 जुलाई को विशेष छत्तीसगढ़ राज्य में ई .लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। रामजीवन देवांगन कार्यवाहक जिला न्यायाधीश द्वारा विशेष ई.लोक अदालत के आयोजन के संबंध में जिला न्यायालय के न्यायाधीशगणों की बैठक लेकर आवश्यक निदेश दिए। ई.कोर्ट के माध्यम से होने वाले लोक अदालत में राजीनामा हेतु आवेदन जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सदन से प्राप्त होगी।

किसान को नहीं मिला बीमा का दावा

फोरम ने बीमा कंपनी पर लगाया 4.81 लाख हर्जाना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आगजनी से क्षतिग्रस्त हुए ट्रैक्टर का क्लेम बीमा कंपनी ने यह कहकर निरस्त कर दिया कि ट्रैक्टर का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था इसे निराधार पाते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व लता चंद्राकर ने मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 4 लाख 81 हजार रुपये हर्जाना लगाया।

ग्राम ठेंगाभाट तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी कृषक कमलेश चतुर्वेदी ने फाइनेंस करवा कर एक ट्रैक्टर सितंबर 2017 में खरीदा और उसका बीमा मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से करवाया। दिनांक 26 नवंबर 2017 को कृषि कार्य में उपयोग करते समय ट्रैक्टर में आग लग गई। जिसका बीमा दावा करने पर बीमा कंपनी ने परिवादी का बीमा दावा भुगतान करने से इंकार कर दिया। बीमा कंपनी ने फोरम के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि नियम और शर्तों के अधीन ट्रैक्टर का बीमा किया गया था। दुर्घटना के समय ट्रैक्टर का उपयोग 800 रुपये प्रति घंटा के हिसाब से किराया में मिंजाई के काम हेतु किया जा रहा था जबकि ट्रैक्टर कृषि उपयोग हेतु बीमित था लेकिन उसका उपयोग व्यावसायिक उद्देश्य से किया जा रहा था। बीमा शर्त का उल्लंघन होने के कारण बीमा दावा निरस्त किया गया है। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं प्रमाणों के आधार पर जिला उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता के प्रति बीमा कंपनी द्वारा सेवा में निम्नता का कृत्य किया जाना प्रमाणित पाया। फोरम ने विचारण के दौरान यह पाया कि सर्वेयर ने अपनी रिपोर्ट में ऐसा का कोई उल्लेख नहीं किया है कि ट्रैक्टर परिवादी द्वारा 800 रुपये घंटे पर किराये में चलाया जा रहा था।

आयुक्त सर्वे ने किया वृक्षारोपित स्थलों का औचक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र में आयोजित वृक्षारोपण महाअभियान के तहत रोपित पौधो का निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने औचक निरीक्षण कर पौधो की देखभाल हेतु किये जा रहें सुरक्षात्मक उपायों का जायजा लिया व मातहत अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये।

निगम क्षेत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण महाअभियान का आगाज निगम आयुक्त द्वारा तालपुरी बी ब्लाक में रहवासियों के उपस्थिती में पौधा रोपित कर किया था। इस दौरान निगम के नोडल अधिकारी रमाकांत साहू ने डीपीएस स्कूल, हाई स्कूल टंकी मरोदा, कल्याणी मंदीर तालाब के किनारे, स्टेशन मरोदा वार्ड के मौहारी मरोदा शासकीय स्कूल, मुक्तिधाम व निगम कार्यालय परिसर में पौधा रोपित कर सभी जगहों पर पौधो की सुरक्षात्मक उपाय किये जाने के निर्देश निगम अधिकारियों व आयोजको से किया था।

इस दौरान निगम आयुक्त ने कहा कि उनके द्वारा रोपित पौधो का कभी भी स्वयं के द्वारा निरीक्षण कर पौधो की जानकारी लेते रहेंगे। श्री सर्वे ने चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण कर पौधो की पल्लवित व पोषित हेतु किये जा रहे प्रयासो कि जानकारी प्राप्त किये व आवश्यक दिशानिर्देश दिये। इस दौरान नेवई वार्ड में निर्माणधीन गौठान का भी सघन निरीक्षण कर उप अभियंता हिमांशु कावड़े को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान निगम स्वास्थ्य अधिकारी जगन्नाथ कुशवाहा, जनसंपर्क अधिकारी शैलेश साहू, उपअभियंता हिमांशु कावड़े, जल एवं वाहन प्रभारी गोपाल सिन्हा सहित राजस्व व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

बिल नहीं पटाने पर 39 उपभोक्ताओं की लाइन काटी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। परिवहन मंत्री मो. अकबर द्वारा बस आपरेटर की विभिन्न मांगों पर विचार करते हुए यात्री बसों को माह.जून 2020 टैक्स में छूट प्रदान की गई है, जिससे जिले के बस आपरेटर्स का लगभग 75 लाख रूपये का टैक्स छूट प्राप्त होगी। दुर्ग से विभिन्न मार्गो पर बस सेवाएं प्रारंभ की गई। रायपुर मार्ग पर संचालित कुल 12 बसों का समय सुबह 6:30 से शाम 6 बजे तक, धमधा मार्ग पर संचालित कुल 6 बसों का समय 7 से 5 बजे तक, पाटन मार्ग पर संचालित कुल 7 बसों का समय 6 से 5 बजे तक, दल्लीराजहरा मार्ग पर 6 बस 6 से 7 बजे तक, खैरागढ़ मार्ग पर संचालित 6 बस 8 से 6 बजे है। राज्य के अंदर लंबी दूरी की बसें अंबिकापुर, कोंटा और बैलाडीला के लिए कुल 4 बसें है। शेष बसों को निष्प्रयोग वाहनों के रूप में बिना टैक्स जमा कियेए रखे जाने की सुविधा भी शासन द्वारा प्रदान की गयी है। जिसके तहत अभी तक कुल 394 वाहनों की सूची बस ऑपरेटर द्वारा कार्यालय में दी जा चुकी है।

समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेषक संजय पटेल छावनी जोन के अंतर्गत स्थित 33/11 केव्ही सबस्टेषन छावनी व इंजीनियरिंग पार्क सबस्टेशन के औचक निरीक्षण में पहुंचे। श्री पटेल ने सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्रों के विद्यमान विद्युत उपकरणों एवं 33/11 केव्ही लाइनों के उचित रखरखाव, वितरण ट्रांसफार्मरों की यथास्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने उपभोक्ता षिकायतों पर त्वरित निराकरण की कार्यवाही करने के निर्देष दिए। श्री पटेल ने अधिकारियों से कहा कि नियमित रुप से सभी जम्फरों, एबी स्वीच एवं आइसोलेटर की जांच कर सुधार कार्य करें। उन्होंने सभी फीडरों पर चलने वाले विद्युत लोड की जानकारी लेकर निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के आवश्यक निर्देश अधिकारियों को प्रसारित किए। विद्युत व्यवस्था के लिए कहा कि वितरण ट्रांसफार्मरों एवं लाइनों के उपकरणों पर सतत निगरानी रखी जाए, विफल होने की स्थिति में इन्हें बदलने की त्वरित कार्यवाही हो। उनके द्वारा लो वोल्टेज संबंधी समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

ईसाफ बैंक ने किया गरीबों को राशन वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ईसाफ स्माल फाइनेंस बैंक ने वैश्विक महामारी कोरोना के मद्देनजर गंजपारा श्रमिक बस्ती व उरला स्थित बाम्बे आवास में गरीबों को सूखा राशन का वितरण किया। इस अवसर पर बैंक के ब्रांच मैनेजर रोमित अग्रवाल, प्रमुख अधिकारी सत्यजीत दास, टीटू दास, एमणएसण्डी मिन्टू मेडरी, पर्सनल मैनेजर ईश्वर राय, अमिताभ भकत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

निरीक्षण... महापौर व आयुक्त ने अधिकारियों के साथ लिया निर्माण का जायजा

3 करोड़ से बनेगा सर्व समाज मंगल भवन

भिलाई नगर। महापौर व विधायक द्रेवेन्द्र यादव व निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने खुर्सीपार तेलहा नाला का जायजा लिया। महापौर ने 3 करोड़ की लागत से तेलहा नाला रिटेनिंग वॉल निर्माण सहित अन्य प्रस्तावित कार्य को लेकर चर्चा किया। महापौर ने नक्शा के अनुसार तेलहा नाला के कार्य को जल्द शुरू कराने कहा। महापौर व आयुक्त ने अधिकारियों के साथ नंदनी रोड करूणा अस्पताल के सामने की पुलिया, 32 एकड़ क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड में बहने वाली तेलहा नाला की निकासी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। वहीं जोन 3 की आयुक्त प्रीति सिंह ने महापौर को बताया कि नाला के किनारे के कुछ निर्माण नाला के विकास में बाधा बन रहे हैंए जिन्हें हटाने के लिए सहमति प्राप्त कर ली गई है।

वार्ड 25 बैकुंठधाम के बाजू में निर्माणाधीन सर्व समाज डॉ भीमराव अंबेडकर मंगल भवन का अवलोकन किया। महापौर ने अधिकारियों को मंगल भवन के निर्माण में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जोन 3 की आयुक्त प्रीति सिंह को ठेकेदार को नोटिस जारी कर सितंबर तक भवन को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं महापौर ने कहा कि मंगल भवन के निर्माण से लोगों को सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए केम्प 1 और 2, बैकुंठधाम, छावनी, हाउसिंग बोर्ड, फौजी नगर, अन्य क्षेत्रों के रहवासियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा और अच्छी सुविधाओं के साथ भवन मिल जाएगा। भवन गौरवपथ के किनारे और मार्केट से लगा हुआ हैए यहां सामाजिक और धार्मिक कार्य आसानी से संपन्न हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य व पार्षद दुर्गा साहू, डॉ दिवाकर भारती, अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, आरके साहू, कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा, उपअभियंता श्वेता वर्मा मौजूद रही।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती लतेश्वरी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202006100400918

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लतेश्वरी पति श्री टामनलाल निवासी क्वा.नं.13 बी एच.एस.सी.एल. कालोनी रुआबांधा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	733/32	0.020 हें 2360 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री योगेश कुमार गहिरवार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202006100400919

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री योगेश कुमार गहिरवार आ. श्री राजाराम गहिरवार निवासी ग्राम बीजाभांठा तहसील पाटन व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	718/4	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202007101000014/557

विषयः अ-06 वर्ष 2019-20

कोहका प.ह.न. 00019 (394/0.0400 हे.)

पक्षकारों का विवरण :

आवेदक पक्षकार- मोहनलाल वर्मा

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल वर्मा पिता मानिकराम वर्मा पता खुर्सीपार भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 394 रकबा 0.040 हें जो उसके स्व. माता श्रीमती रामबती पति मानिकराम के नाम पर दर्ज है। की फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.07.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.07.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202007101000013/556

विषयः अ-06 वर्ष 2019-20

कचांदुर प.ह.न. 00017 (525/0.0700 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- अलख राम

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अलख राम पिता झगरु धनकर पता खुर्सीपार भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 525 रकबा 0.020 हें जो उसके स्व. माता स्व. बिरझा बााई पति झगरु के नाम पर दर्ज है। की फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.07.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.07.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./27/अ-74/वर्ष 2019-20

आवेदक श्री किल्ला मंदिर लोक न्यास साकिन जोगीगुफा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जोगीगुफा प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग में स्थित अपने स्वयं/ शामिलात नाम की वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमि खसरा नं. 28, 70, 93, 354, 361, 26, 685 रकबा 6200, 0.7500, 0.1000, 0.2200, 0.7000, 1.12100 हे. का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम जाने से द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार कन्नोजिया आ. स्व. मिठ्ठूलाल कन्नोजिया निवासी पद्मनाभपुर जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 520 पद्मनाभपुर दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्री अशोक कुमार कन्नोजिया द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 18.11.1997 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 02.12.2019 को निष्पादन पश्चात उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 30.12.2019 को श्रीमती बीना बाई राजपूत पति श्री विनय कुमार राजपूत के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती बीना बााई राजपूत के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती बीना बाई राजपूत के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 04.07.2020को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार शर्मा आ. स्व. कुंजीलाल शर्मा निवासी गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 अपने नाम पर स्थित भूमि खसरा नबर 805/4 रकबा 0.014 हे. रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर खरीदा गया है जिसका नामांतरण करने पर राजस्व रिकार्ड में नाम गलत दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर दर्ज किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 21.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजूलाल यादव पिता झुमुक लाल यादव निवासी उपरवाह तह. घुमका जिला राजनांदगांव द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके दादा के नाम पर ग्राम दमोदा/ खुर्मी प.ह.नं. 03 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 420, 420 रकबा 0.59, 0.49 हे. भूमि एकल खातेदार रामाधीन की मृत्यु दिनांक 09.10.2019 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 14.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सप्रेम चौरे आ. स्व. विश्वनाथ चौरे निवासी ग्राम विजय नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1266/16 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार विश्वनाथ आ. चैतराम चौरे की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अरुण कुमार चौबे आ. श्री एस.बी. चौबे साकिन प्रियदर्शनी नगर रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 502/28 रकबा 0.010 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दानकर्ता राजदेव चौबे आ. स्व. एस.एस. चौबे से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.07.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी- राजस्व

मामला क्रमांक 202003101200005/322

विषयः-अ-6 वर्ष 2019-20

आमटी प.ह.न. 00034(हें0)

पक्षकारों का वितरण- आवेदक पक्षकार - जयंत कुमार चौधरी

अनावेदक पक्षकार- दामोदर प्रसाद चौधरी, फायेन्द्र चौधरी, परमानंद चौधरी, मगु कुमार चौधरी, श्रीमती सुनिता चौधरी, श्रीमती मंजूबाला चौधरी, श्रीमती ललिता चौधरी

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयंत कुमार चौधरी पिता स्व. भावसिंह विरुद्ध दामोदर प्रसाद चौधरी पिता स्व. भावसिंह चौधरी व अन्य निवासी ग्राम आमटी पो. निकुम तह व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम आमटी प.ह.नं. 34 स्थित भूमि खसरा नं. 205, 206/1, 251, 259, 261/1, 527, 702 कुल रकबा 18.57 हे. कृषि भूमि स्थित है आवेदक एवं अनावेदकगण के पिता ससुर स्व. भाव सिंह चौधरी पिता स्व. लक्ष्मण सिंह चौधरी द्वारा दिनांक 24.05.2018 को आवेदक एवं अनावेदकगण के पक्ष में वसीयतनामा पंजीकृत कराई गई थी। आवेदक एवं अनावेदकगण के पिता व ससुर स्व. भाव सिंह की मृत्यु दिनांक 26.01.2010 को हो गया है। प्रस्तुत पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर वसीयत प्राप्तकर्ता का नाम दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.06.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202006101000184/544

विषयः अ-06 वर्ष 2019-20

कोहका प.ह.न. 00019(251/0.0300 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती सुधा शुक्ला, विक्रांत कुमार शुक्ला

अनावेदक पक्षकार- आम जनता

आवेदक श्रीमती सुधा शुक्ला बेवा अरुण कुमार शुक्ला अन्य 01 निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 251 रकबा 0.030 हें भूमि स्वामी हरनारायण आ. रामाधीन के नाम पर दर्ज है। भूमि स्वामी की मृत्यु दिनांक 02.02.1985 हो जाने के कारण फौती नामांतरण किए जाने आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.06.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

कार्यकाल समाप्ति के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद के लिए तेज हुई सरगर्मी

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के कार्यकाल पूरा होने के बाद नए अध्यक्ष नियुक्ति करने को लेकर इन दिनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों की निगाहें प्रदेश हाईकमान की ओर टिकी हुई है। क्योंकि ब्लॉक अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की कमान संभालने के दौर में कई दिग्गज पदाधिकारी शामिल है। बकायदा इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष से मिलने जुलने का सिलसिला भी तेजी से शुरू हो गया है। इसके अलावा अपने अपने जुगाड़ के सहारे अध्यक्ष बनने के बाद भी सामने आ रही है । हालांकि सूत्रों का मानना है कि पार्टी द्वारा आंतरिक सर्वे कर लगभग नाम पर मुहर लगा दिया है ।

फिर भी ब्लॉक अध्यक्ष दायित्व के लिए जमकर रस्साकशी चल रहा है। हालांकि पार्टी की ओर से नवनियुक्त अध्यक्ष बनाने को लेकर अब तक खुलकर जिम्मेदारों ने नहीं कहा है लेकिन भीतर ही भीतर में अध्यक्ष बनने के लिए सरगर्मी काफी तेज हो गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि वर्तमान अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का 5 वर्षीय कार्यकाल पूरा हो चुका है। जिसके मद्देनजर अब ब्लॉक में नए अध्यक्ष बनाने की कवायद अंदर ही अंदर शुरू भी हो गया है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार अध्यक्ष पद हासिल करने में राजेश तिवारी अरुण मिश्रा अरुण सोनवानी धनेश्वर प्रधान कुंजल राम यादव को अध्यक्ष पद की दावेदारी करने की बात सामने आ रही है। हालांकि अब तक कांग्रेस नेताओं ने खुलकर यह बात सामने नहीं कहा है। लेकिन अब कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को आम से खास बनाकर अच्छी तरह को रिझाने का सिलसिला भी शुरू हो रहा है माना जाता है इन सब की चर्चा आम लोगों के बीच भी जमकर हो रही है क्योंकि किसी दावेदारी कि संगठन में काफी वर्चस्व है तो वहीं कुछ लोगों को पार्टी से जुड़ने के लिए जमीनी स्तर पर काम करते भी देखा जा सकता है। यही वजह है कि स्थानीय कार्यकर्ता समर्थन देने के लिए अब तक असमंजस की स्थिति में है । हालांकि कुछ दावेदार अपने अपने समर्थकों के साथ हाईकमान के पास पहुंच चुके है।

नव पदस्थ सीईओ से की टीचर्स एसोसिएशन ने मुलाकात

छुरा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई छुरा का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा एवम छुरा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष साहू,जिला उपाध्यक्ष नरेश्वर यादव के नेतृत्व में जनपद पंचायत छुरा के नव पदस्थ मुख्यकार्यपालन अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर)सुश्री रुचि शर्मा से मुलाकात कर छुरा आगमन पर सौजन्य मुलाकात किया गया।अभिनन्दन स्वरूप कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किये है।नव पदस्थ सी ई ओ ने अपने विचार व्यक्त किये।छुरा ब्लॉक के शैक्षिक स्तर की जानकारी लिए साथ विभिन्न प्रतियोगता परीक्षाओं के लिए बच्चो को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।साथ ही स्कूली जानकारी से भी रूबरू हुये है। प्रतिनिधमंडल में संघ के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा, छुरा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष साहू,जिला उपाध्यक्ष नरेश्वर यादव,जिला महासचिव गोवर्धन यदु,जिला महामंत्री द्वय कमलकिशोर ध्रुव,केशव सेन,जिला प्रवक्ता विरेन्द्र साहू,विल्सन थॉमस,यादराम साहू,देवलाल यादव,मानिक साहू,तौहीद आलम,हेमलाल ध्रुव,घनश्याम यादव,योगेंद्र साहू,पंकज साहू,केदार साहू,मन्नू राम मरकाम,रामरतन कंवर,भारत साहू,सुनील राजपूत,केशव साहू,त्रिलोक साहू,असवंत नेताम,भारत साहू,अशोक ठाकुर,खिलावन साहू,अश्वनी साहू,सहित संघ के पदाधिकारियों एवम सदस्य गण उपस्तिथ थे।

मुख्य मार्ग पर रहता है शराबियों का जमवाड़ा

गुण्डरदेही। सिकोसा जुनवानी से धनिया मार्ग पर अंग्रेजी एवं देसी मदिरा दुकान से लगभग 200 मीटर की दूरी जुनवानी भाठा में खुलेआम झोपड़ी नुमा चखने की दुकान जहां पर खुलेआम शराब पिलाई जाती है जोकि जूनवानी रोड से धनिया जाने का पहुंच मार्ग है जहां पर आए दिन उस रास्ते से महिला एवं बच्चों का आवागमन लगा रहता है उस रास्ते पर शराबियों द्वारा एवं जुनवानी भाटा में बैठे शराबियों द्वारा गंदी-गंदी गालियों और बदसलूकी की जाती है जिससे आम जनों को बड़ी तकलीफों का सामना करना पड़ता है शाम 5:00 बजे के बाद यहां पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है जिसमें लोगों को उस रास्ते से गुजरने के लिए झिझक और डर का सामना करना पड़ता है जिसमें अभी तक आबकारी विभाग द्वारा नाही क्षेत्रीय थाना उस पर कार्रवाई की गई जिससे चखना बेचने वाले का हौसला दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है 3 दिन पूर्व उसी रास्ते पर जुनवानी से धनिया मार्ग पर नकली पिस्टल दिखाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था उस रास्ते पर गुजरने वालों को डर का भय लगा रहता है शराबियों द्वारा पता चला कि चखना बेचने वाला हमेशा कहता है कि मेरी सारी विभाग में अच्छी सेटिंग है कभी किसी प्रकार से आप लोगों को तकलीफका सामना नहीं करना पड़ेगा शराब पीने वालों को अपने जगह पर बिठाने को प्रेषित करता है जिससे उसकी कमाई अच्छी होती है।

चार माह बीत जाने पर भी नहीं मिल पाई आरटीआई के तहत जानकारी

गंडई पंडरिया। ग्राम के ही अनीश सिंह गौतम ने सूचना के अधिकार के तहत आयुष दीप समिति धोधा जो की 2018ङ्क19 एवं 19-20 मे प्रपट राशि के आय- व्यय के ब्योरा के संबंध मे जानकारी के संबंध मे 4 मार्च 2020 को जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव मे स्वयं उपस्थित होकर निम्न बिन्दुओ पर जानकारी चाहिए गई थी जो इस प्रकार है।

धोधा के सरकारी आयुर्वेदिक औषधालय मे वर्ष 2018-19 एवं 19-20 को आयुष समिति से कितनी राशि प्रपट हुई। आयुष समिति आयुर्वेद औषधालय धोधा द्वारा प्राप्त राशि को किन किन कार्यो मे व्याय किया गया है। व्यय राशि की सम्पूर्ण जानकारी तथा लिए गए सामानो के बिल की छायाप्रति देने की मांग। आयुष समिति आयुर्वेद औषधालय धोधा मिस्टर गठित आयुष समिति का साल भर मे कितने बैठक आहूत किए गए है। इस समिति का एक साल मे कितने बैठक प्रस्तावित होते है तथा प्रस्तावित सभी बैठक आहूत कर लिए गए है, यदि कुछ बचे है या नहीं किए गए है तो कारण स्पष्ट करे। आयुर्वेदिक औषधालय धोधा मे आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा कब ङ्क कब सेवा दी जाती है क्या सभी सेवा दिवस मे चिकित्सक स्वयं उपस्थित रहे है।

दो विभागों के पेंच में फंसा नाली निर्माण का काम

■ **पानी निकासी नहीं होने से कोरदा के मुख्य मार्ग में भरा बारिश का पानी**

लवन। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के बहु चर्चित ग्राम पंचायत कोरदा हमेशा ही सुर्खियों में बना रहता है। सालों बीत जाने के बाद भी यंहा की समस्या हल नहीं हो पाई। यंहा बरसात के पूरे 4 माह तक बारिश का पानी भरा रहता है। इस वजह से आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मामला है ग्राम कोरदा के मुख्य मार्ग का जंहा पानी निकासी नहीं होने की वजह से गली व रोड का पानी सड़क पर ही जाम हो गया है, इस वजह से स्थानीय राहगीरों व ग्रामवासियों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग के किनारे करीब 400 मीटर तक नाली निर्माण होना था। पीएमजीएसवाई विभाग के द्वारा नाली निर्माण के लिए खोदाई की जा रही थी। जिस पर पीएचई विभाग के कर्मचारी द्वारा काम को बंद करा दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पीएचई का कहना है कि नाली निर्माण किए जाने से जल आवर्धन योजना के लिए गया हुआ पाईप क्षतिग्रस्त हो सकता है, भविष्य में मेंनटेंस के कार्य में परेशानी हो सकती है। इसलिए पीएचई विभाग द्वारा नाली निर्माण का काम को रूकवा दिया गया है। वही ग्रामीणों ने गांव की समस्या को बताते हुए कहा कि यहा पानी निकासी नहीं हो पाने की वजह से हल्की बारिश में पानी जमा हो जाता है। जिससे पैदल आने-जाने वाले लोगों को कीचड़ भरी मार्ग से गुजरना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग लवन-सरखोर मुख्य मार्ग होने के कारण सैकड़ों वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। दोपहिया वाहन चालक ज्यादा पानी भरा होने के कारण गढ्ढो की गहराई को भांप नहीं पाते है, जिसकी वजह से अधिकतर राहगीर गिरकर चोंटिल भी हो रहे है। तथा बड़ी मुश्किल से वाहन निकाल पाते है। साथ ही मुख्य मार्ग किनारे एक शासकीय कुंआ भी स्थित है, जिसमें गांव की सैकड़ों महिलाएं पानी भरने के लिए इसी रास्ते से होकर आना-जाना करती है, जिससे उन्हें काफी परेशानियां उठानी पड़ती है। उक्त मार्ग की समस्या काफी विकराल है, मुख्य मार्ग होने के बावजूद भी पानी निकासी नहीं होने की वजह से बारिश का पानी जाम हो गया है। ग्रामीण व राहगीर मजबूरीवश इसी पानी को लांघकर आना-जाना करते है।

> आरोपी ट्रांसपोर्टिंग का काम करते है। आरोपी मनोज सिंह जमील खान और श्याम सिंह तीनों भिंड मध्यप्रदेश के रहने वाले है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर और पूछताछ कर रही है।
>
> **प्रमोद निर्मलकर,** उप अभियंता, पीएमजीएस वाई, बलौदाबाजार
>
> इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रभारी सहायक अभियंता आर.के. ध्रुव ने चर्चा के दौरान बताया कि मैं अभी शासकीय कार्य में व्यस्त हूॅ, कुछ समय के बाद मै फोन लगाता हूॅ।
>
> **आर.के.ध्रुव,** प्रभारी सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

नियंत्रण पखवाड़ा एव शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

डौंडी। गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा एव शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडी माननीय श्री सोमेश सोरी ,बी एम ओ डॉ नरेंद्र कुमार ठाकुर ,डॉ पुष्पा भुआर्य ,बी ई टी ओ श्री अश्वनी कुमार नेताम,बी पी एम ईश्वर भारती चन्द्राकर के द्वारा दिनांक 8.7.2020,को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौंडी में किया गया।जहाँ पर ओ आर एस का घोल बनाकर बच्चो को पिलाया गया।समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एव उप स्वास्थ्य केंद्रों में ओ आर एस कार्नर बनाने हेतु सभी सेक्टर पर्यवेक्षको को निर्देश देते हुए नमक शक्कर का घोल तैयार करने प्राथमिक उपचार के बारे मे बताया गया।दस्त के दौरान बच्चो का स्तनपान जारी रखना चाहिए।तरल पदार्थ अधिक से अधिक मात्रा में जैसे दाल का पानी,माड़ (पसिया)देना चाहिए।गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा में निर्जलीकरण की अवस्थाओ पर दस्त का इलाज÷अनमोल÷जिंक की गोली और ओ आर एस का घोल के विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया।शिशु संरक्षण में लक्षित गर्भवती महिलाओं का जांच व 0-5 वर्ष के बच्चो का टीकाकरण,9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चो को विटामिन ए ,आयरन सिरप,वजन लेना,सुपोषण के बारे में जानकारी देना एव कुपोषित बच्चों को एन आर सी सेंटर डौंडी रिफर करने निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में के एल कुरपाल,आर के लारेन्द्र, रोशन साहू, सोनल गांधी, कुलेश्वरी ठाकुर, संजय भूआर्य, विनेश कुंजाम, जी के सिन्हा, श्रीमती एस आर नाथ एव समस्त हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे।

साहू को संसदीय सचिव बनाने की मांग पकड़ने लगी जोर

लवन। भाजपा के दबंग कद्दावर नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को रिकॉर्ड 53000 अधिक मतों से पराजित कर कसडोल विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे विधायक शकुंतला साहू को संसदीय सचिव बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है।

विधानसभा क्षेत्र के सरपंच जनपद व जिला पंचायत सदस्यों के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू को संसदीय सचिव बनाने की मांग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम से की।

नवीन योजनाओं के लागू करने से किसानों के चेहरे पर खुशी : हितेन्द्र ठाकुर

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों एवं गाँवो के विकाश हेतु नवीन योजनाओं के लागू करने से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई पड़ रही है ।जिससे किसानो की समृद्धि से राज्य की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत होगी।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कांग्रेस सरकार के गठन पश्चात घोषणा पत्र अनुरूप अपने नारे छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी ,नरवा गरवा घुरवा बाड़ी को चरितार्थ करते हुए लगातार महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कर रही है ।छत्तीसगढ़ के किसानों को धान के प्रति क्विंटल 2500 रुपये समर्थन मूल्य दिया जाना ,किसानों का कर्ज माफी ,फिर प्रत्येक गाँवो में पशुधन की रक्षा हेतु गौठान निर्माण ,प्रत्येक सहकारी समितियों में पर्याप्त बीजएवं खाद कीव्यवस्था करना और अब ,गाँवो में प्राचीन काल से प्रचलित छेका रोका को पंचायती राज में शामिल कर नियमानुसार लागू करना तथा गौधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी को प्रारंभ किया जाना किसानों और गाँवो के विकाश के प्रति सरकार की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को इंगित करता है ।इन योजनाओं की शुरुआत की कल्पना कभी पंद्रह साल में किसानों ने नही की थी, इन योजनाओं के क्रियान्वयन से कुछ समय मे लाभ दिखने लगेगा ,योजना की क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ के किसान और ग्रामीणों में उत्साह दिखने लगा है ।श्री ठाकुर ने बताया कि सरकार के गठन पश्चात कोरोना संकट के बाद भी सरकार छत्तीसगढ़ के विकास हेतु निर्बाध गति से लगातार अपनी योजनाओं से विकास को प्रत्येक गांवों में उतारने में लगातार प्रयास कर रही है ।छत्तीसगढ़ में जो लाखो किसान खेती छोड़ रहे थे इस वर्ष खेती की ओर पुनः वापस लौट रहे हैं ।किसानों को उनकी मेहनत का सही लाभ ,शाषन कि योजना से पशुधन की सुरक्षा ,गोबर खरीदी से पशुधन के प्रति किसानों का सजगता छेकारोका योजना के तहत फसलों की पर्याप्त सुरक्षा से किसानों की समृद्धता एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ।जिसका असर राज्य के जीडीपी पर भी देखने को मिलेगा ।बाजार में व्यपारियो को भी लाभ होगा ,किसानों को अतिरिक्त लाभ से लोग लघु कुटीर उद्योगों के प्रति ,कृषि में उन्नत तकनीक के प्रयोग हेतु प्रयास दिखेगा ।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400966

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ललिता चतुर्वेदी पति डोमनलाल चतुर्वेदी निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 365/3 रकबा 0.022 हें/ 2419 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400168

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक के.एल. शर्मा आ. श्री जी.डी. शर्मा निवासी सेक्टर 01 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 820/27 रकबा 0.014 हें/ 1566 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400176

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती केवरा बाई यादव पति श्री दिलीप कुमार यादव निवासी सुभाष नगर कसारीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 277/40 रकबा 0.013 हें/ 1400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

मंगलवार को अभियान की जानकारी और कार्रवाई के बाद बुधवार की सुबह मुख्य मार्ग पर घुमंतू मवेशियों की संख्या में कमी देखने को मिली। इसके बावजूद टीम यह अभियान आगामी आदेश तक जारी रखेगी। मुख्य मार्गो में अभियान के बाद शहर के भीतरी हिस्सों में टीम दस्तक देगी और बाहर घूम रहे ऐसे मवेशियों को कॉउ कैचर की मदद से अस्थाई ठिकाने तक पहुंचाया जाएगा।

> रोका-छेका अभियान के पहले दिन 15 घुमंतू मवेशियों को पकड़ा गया है इन्हें श्री गोपाल गौशाला में रखा गया है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।
>
> **आशीष तिवारी,** सीएमओ नगर पालिका परिषद भाटापारा

कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर जाना बुजुर्गों का हाल-चाल

भाटापारा। कोरोना काल में रोज बढ़ते हुये प्रकरणों को ध्यान में रखते हुये कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले के वृद्धाश्रम जाकर निवासरत बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना। श्री जैन ने करीब आधे घण्टे तक रूककर वृद्धाश्रम के विभिन्न कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बुजुर्ग जनों से संस्था की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने आश्रम की साफ-सफाई और शीतल वातावरण की सराहना की और अधीक्षक को निर्देश दिये कि हर सप्ताह सभी बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये। कोरोना को देखते हुये बाहरी लोगों के आश्रम में आने-जाने पर प्रतिबंध जारी रखने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर विकास एवं जिला पंचायत की सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी ने भी बुजुर्ग लोगों के सेहत की जानकारी ली। आश्रम की सबसे बुजुर्ग लगभग एक सौ साल की महिला से चर्चा कर उनके जिंदादिली की सराहना की। उप संचालक आशा शुक्ला ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में वर्ष 2018 से वृद्धाश्रम संचालित है। जिले का यह एकमात्र वृद्धाश्रम है, जिसकी क्षमता 16 महिला एवं 16 पुरूषों की है। वर्तमान में आठ महिलायें एवं 3 पुरूष निवासरत हैं। कोरोना अवधि में बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पाक्षिक रूप से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सेहत जांच कराया जाता है। पूरे परिसर को तीन से चार बार सेनिटाईज किया जा चुका है एवं निगरानी हेतु परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं।

कलेक्टर-सीईओ ने किया पौधारोपण: कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन एवं जिला पंचायत की सीईओ डॉ. फरिहा आलम ने बुजुर्ग जनों के साथ मिलकर आश्रम परिसर में पौधे लगाये। हरियर छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ने कदम के पौधे और सीईओ सीताफल के पौधे लगाये। परिसर में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक आशा शुक्ला, सीएमओ राजेश्वरी पटेल सहित बुजुर्गजनों ने 20 फलदार एवं छायादार पौधे लगाये। बुजुर्गजनों ने इन पौधों की सुरक्षा का जिम्मा लिया।

जिला पंचायत सीईओ ने किया चबुतरा निर्माण एवं नर्सरी का मुआयना

बेमेतरा/साजा । जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव आज बुधवार को नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत संबलपुर एवं झिलगा का दौरा कर निर्माण कार्यों का मुआयना किया। इस दौरान उन्होने संबलपुर मे बन रहे धान खरीदी केन्द्र मे चबुतरा निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने ग्राम झिलगा के शासकीय उद्यान रोपणी (नर्सरी) का मुआयना कर, महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत आबंटित की गई राशि के कार्यों के संबंध मे जानकारी ली। सीईओ ने निर्माणाधीन चबुतरा के कार्यों मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर जनपद पंचायत नवागढ़ के सीईओ नरपत साहू, एपीओ मनरेगा जि.पं. नवीन कुमार साहू उपस्थित थे।

विधायक शिवरतन शर्मा ने शहर में बांटा केंद्र की उपलब्धियों का पर्चा

भाटापारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लगातार 6 वर्षों से की जा रही देश की सेवा का विवरण एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश की जनता के नाम लिखे गए पत्र की प्रतियां बुधवार को क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में वितरित किया दोपहर 2:00 बजे भाजपा कार्यालय से निकलकर विधायक शिव रतन शर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ फव्वारा चौक जय स्तंभ चौक ,गोविंद चौक, महासती रोड ,हटरी बाजार होते हुए आजाद चौक सिनेमा लाईन,स्टेशन रोड होते हुए फव्वारा चौक जाकर समाप्त किया इस दौरान सड़क के दोनों और निवासरत घरवालों के हाथों में प्रधानमंत्री की दोनों प्रतियां बांटते हुए उनसे प्रधानमंत्री के कार्य एवं प्रधानमंत्री के द्वारा उनके नाम लिखे गए पत्र को पढ़ने का निवेदन भी करते रहे।

इसके 2 दिन पूर्व विधायक शर्मा की अपील पर कार्यकर्ता अपने वार्डो के प्रत्येक घरों में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश की जनता के नाम लिखे गए पत्रों को बांट रहे हैं। विधायक शिवरतन शर्मा के साथ बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ राह चलते राहगीरों को भी प्रतियां देते हुए उनसे पढ़ने का निवेदन करते रहे

इस दौरान विधायक शर्मा के साथ जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष मनेन्द्र सिंह। सोनी गुम्बर पूर्व अध्यक्ष महाबल बघेल पूर्व उपाध्यक्ष सुनील यदु निपानिया मंडल अध्यक्ष धनीराम साहू राजा शर्मा,संजय सिंह चौहान आसीस जायसवाल पार्षद पुरुषोत्तम यदु ब्यास यदु आशीष पुरोहित,गोपाल देवागण दिलीप यादव ,मनीष मिश्रा बंटी टंडन महिला मोर्चा महामंत्री नीरा साहू चंद्रिका सेन युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेश मिश्रा राजीव शर्मा अनिल चेलक राजा शर्मा मालिक राम बांधे बाबा राम चद,वर्मा शिव वर्मा प्रभात जयसवाल राकेश मधान,रविन्द्र जैन ,संतोष जैन, महेश अग्रवाल, परदेसी जैस्वाल ,वैभव तिवारी भरत ड़हरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हमारी जोड़ी सलामत...

, 'हमारी जोड़ी सलामत है तभी तो इतने काम हो रहे हैं। भाजपा हमारे संबंधों पर नजर क्यों रख रही है।

सिद्धार्थ को दुर्ग व चंपावत...

आदेश के अनुसार अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले को जिला धमतरी, प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ को जिला सरगुजा तथा बलरामपुर और प्रमुख सचिव डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी को महासमुन्द तथा गरियाबंद जिलेका प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव डॉ. एम. गीता को जिला बेमेतरा तथा कबीरधाम, निहारिका बारिक को जिला बिलासपुर, सोनमणि बोरा को जिला बस्तर, डीडी सिंह को जिला दंतेवाड़ा, टी.सी. महावर को जिला गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही, रीता शांडिल्य को जिला मुंगेली का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

इसी प्रकार संचालक पी. दयानंद को जिला सूरजपुर, नीरज बंसोड़ को जिला सुकमा, संयुक्त सचिव नरेन्द्र दुग्गा को जिला कोरिया, प्रियंका शुक्ला को जिला नारायणपुर तथा कोण्डागांव, आयुक्त डॉ. तंबोली अय्याज फकीर भाई को जिला बीजापुर और संयुक्त सचिव भोस्कर विलास संदीपान को जिला जशपुर का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

ईपीएफ, उज्ज्वला, गरीब कल्याण...

बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि गरीब कल्याण अन्न योजना को नवंबर तक बढ़ाने के साथ ही 100 कर्मचारियों से कम संख्या वाली कंपनियों के कर्मचारियों एवं मालिकों के भविष्य निधि से जुड़े अंशदान को सरकार की ओर से तीन महीने और देने का निर्णय हुआ। उनके मुताबिक, उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को तीन मुफ्त सिलेंडर दिए जाने की अवधि को तीन महीने के लिए बढ़ाया गया है तथा 107 शहरों में एक लाख से अधिक छोटे फ्लैट को प्रवासियों मजदूरों को किराये पर देने का भी निर्णय हुआ है।

धर्मनिरपेक्षता, संघवाद अब भी...

कोई भी सवाल कम किये गए पाठ्यक्रम से नहीं पूछा जाएगा।

विषय वैकल्पिक कैलेंड में शामिल

बोर्ड ने आगे स्पष्ट किया है कि सभी स्कूलों को एनसीईआरटी द्वारा तैयार वैकल्पिक अकादमिक कैलेंडर को पालन करने का निर्देश दिया गया है। इसीलिए मीडिया में उपरोक्त विषयों को हटाए जाने के बारे में जो खबर छपी है, उन विषयों को एनसीईआरटी के वैकल्पिक एकेडमिक कैलेंडर में शामिल किया गया है और वह सीबीएसई से जुड़े स्कूलों में लागू है। विज्ञप्ति में इस बात को फिर से कहा गया है कि जिन विषयों को पाठ्यक्रम से बाहर किये जाने की बात कही जा रही है वे कम किये गए पाठ्यक्रम में और एनसीआरटी के वैकल्पिक पाठ्यक्रम कैलेंडर में शामिल है।

आखिर डब्ल्यूएचओ ने कहा...

239 वैज्ञानिकों को उद्धृत करते हुये एक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 का वायरस हवा से फैल रहा है। सबसे पहले अप्रैल में इस तरह की रिपोर्ट सामने आयी थी, लेकिन डब्ल्यूएचओ अब तक इस सिद्धांत को स्वीकार करने से कतराता रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में कोविड-19 की विशेषज्ञ डॉ. मरिया वैन केरखोव ने कहा, 'हम हवा के रास्ते और मुंह तथा नाक से निकलने वाले बेहद सूक्ष्म जलकणों से वायरस के फैलने की संभावना की बात करते रहे हैं। हम मौजूदा साक्ष्यों के आधार पर एक वैज्ञानिक सार तैयार कर रहे हैं। हम कई सप्ताह से इस पर काम कर रहे हैं।'

अमरिकी अधिकारियों पर रोक...

हुए कहा कि अमेरिका कुछ चीनी अधिकारियों के वीजा पर रोक लगाएगा क्योंकि बीजिंग अमेरिकी राजनयिकों, पत्रकारों और पर्यटकों को यात्रा को रोकता है। झाओ ने कहा कि अमेरिका की तरफ से उठाए गए कदमों पर चीन कड़ा विरोध करता है। अमेरिका की तरफ से उठाए गए गलत कदमों के जवाब कार्रवाई में चीन ने फैसला किया है कि वह अमेरिकी लोगों पर वीजा बैन लगाएगा जो तिब्बत संबंधी मुद्दों पर बुरा बर्ताव करता है।

2 किमी पीछे हटी...

हाल ही में भारत और चीन, दोनों ने ही सहमति जताई थी कि सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए एलएसी पर सेनाओं को पीछे हटना जरूरी है। लंबे समय से चल रहे तनाव के बीच रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से तकरीबन दो घंटे तक सीमा विवाद पर बातचीत की थी। इस बातचीत में दोनों देश एलएसी से अपने सैनिकों को पीछे हटाने पर सहमत हुए थे। इससे पहले भी सीमा के तनाव को कम करने के लिए भारत-चीन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच में बातचीत होती रही थी। सेना के सूत्रों ने जानकारी दी है कि चीनी सैनिकों की वापसी के साथ, उन्होंने अपने टैंट, वाहन भी झड़प वाली जगह से पीछे हटाए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021 email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 0771-4035602,

इंस्टाग्राम

दीपिका के पांच करोड़ फॉलोअर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के प्रशंसकों की संख्या इंस्टाग्राम पर पांच करोड़ हो गयी है। दीपिका पादुकोण को सोशल मीडिया पर प्रशंसक उन्हें फॉलो करते हैं। भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में उनके प्रशंसक मौजूद हैं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर पांच करोड़ फॉलोअर का आंकड़ा पार कर लिया है। दीपिका खुद को खुशनसीब मानती हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों से मिले प्यार के प्रति आभार व्यक्त किया है। दीपिका प्रशंसकों से इतना प्यार पाकर खुश महसूस कर रहीं हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने सभी फैन क्लब को धन्यवाद कहा है।

वरुण के तीन करोड़ फॉलोअर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन के प्रशंसकों की संख्या इंस्टाग्राम पर तीन करोड़ हो गयी है। वरुण धवन के इंस्टाग्राम पर तीन करोड़ फॉलोअर हो चुके हैं। उन्होंने इस मौके पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वरुण की फिल्मों की अलग-अलग क्लिप्स का इस्तेमाल करते हुए एक बेहतरीन एडिटेड वीडियो तैयार की गई है। वरुण ने पर अपने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, ÷आप सबका मुझमे विश्वास बनाए रखने के लिए थैंक्स।

तीन महीने बाद शूटिंग पर लौटीं तापसी पन्नू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू तीन महीने के बाद शूटिंग पर वापस लौट आयी हैं। कोरोना वायरस महामारी के चलते देश भर में तीन महीने तक लॉकडाउन रहा लेकिन अब देश के कई हिस्सों में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कई स्टार तमाम तरह की सावधानियां बरतते हुए शूटिंग पर लौटने की तैयारियों में हैं। तापसी पन्नू शूटिंग लोकेशन पर पहुंची हैं। तापसी ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि वह एक बार फिर काम पर लौट आई हैं। गौरतलब है कि तापसी पन्नू नेशनल लॉकडाउन में जिम और फिटनेस सेंटर बंद होने के बावजूद अपनी सेहत का खास ख्याल रख रही हैं। वह अक्सर अपनी बहन के साथ योग करती हैं और अपनी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर करती हैं।

बॉलीवुड फिल्मकार हरीश साह का निधन



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार हरीश साह का मंगलवार को निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। हरीश साह ने वर्ष 1972 में अपने भाई विनोद शाह के साथ मिलकर सुपरहिट फिल्म 'मेरे जीवन साथी' का निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना और तनुजा ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इसके बाद हरीश साह ने वर्ष 1975 में विनोद शाह के साथ मिलर फिल्म 'काला सोना' का निर्माण किया। काला सोना में फिरोज खान और परवीन बॉबी ने अहम भूमिका निभायी थी। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुयी।

हिरानी की फिल्म में काम करेंगे शाहरुख!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान निर्देशक राजकुमार हिरानी की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। शाहरुख अंतिम बार वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म जीरो में नजर आये थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। शाहरुख काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। वह ऐसी फिल्म में काम करना चाहते हैं, जो सफल होने के साथ-साथ यादगार हो। वह काफी समय से स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। बॉलीवुड में चर्चा हो रही है कि शाहरुख खान अपनी अगली फिल्म राजकुमार हिरानी के साथ करने जा रहे हैं। चर्चा है कि हिरानी की यह फिल्म उन लोगों के बारे में है, जो पैसा कमाने की खातिर भारत से विदेश जाते हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में शाहरुख एक पंजाबी युवक की भूमिका अदा करने वाले हैं। इस फिल्म को पंजाब और कनाडा में फिल्माया जाएगा।

फर्जी टी-20 मैचः सट्टा गिरोह का सरगना गिरफ्तार

पंजाब के मोहाली जिले में खरड़ अंतर्गत स्वाड़ा गांव में फर्जी अंतरराष्ट्रीय टी-20 टूर्नामेंट पर करोड़ों रूपये के ऑनलाईन सट्टेबाजी के संचालक रविंदर सिंह डंडीवाल से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां घंटों पूछताछ की।

मोहाली (वार्ता)। बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई के संयुक्त आयुक्त आलोक कुमार और वरिष्ठ अधिकारी अंशुमन दोपहर करीब 12 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने स्वाड़ा गांव में उस स्टेडियम का भी दौरा किया जिसे आरोपी ने श्रीलंका का बादुला शहर बता कर युवा टी-20 मैच का आयोजन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाईन सट्टेबाजी को अंज़ाम दिया था।

बीसीसीआई अधिकारियों ने बाद में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रभजोत ग्रेवाल और थाना प्रभारी सदर सुखबीर सिंह के सामने एक बंद कमरे में डंडीवाल से घंटों पूछताछ की जो आगे भी जारी रहेगी।

राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी डंडीवाल को मोहाली पुलिस ने गत सोमवार को गिरफ्तार किया था। आरोपी से पूछताछ में फर्जी क्रिकेट मैचों पर अंतरराष्ट्रीय ऑनलाईन सट्टे के धंधे में कई बड़े लोगों के शामिल होने का खुलासा हो सकता है। मोहाली में लगभग चार-पांच साल से किराये पर रहे डंडीवाल ने वर्ष 2009 में क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के नाम से क्लब का पंजीकरण कराया था। इसके बाद उसने मोहाली, अमृतसर और भोपाल में कई मैच कराए। उसने गत पांच वर्षों में श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, नेपाल, थाइलैंड, अफगानिस्तान में आठ बड़े टूर्नामेंट भी कराए। वर्ष 2016 में वह अपने क्लब की 18 सदस्यीय टीम लेकर श्रीलंका गया था। इसके बाद टीम लेकर ऑस्ट्रेलिया गया। वर्ष 2017 में वह टीम लेकर दुबई भी गया जहां वह अनेक प्रायोजकों और सट्टेबाजों के सम्पर्क में आया। आरोपी ने गत सप्ताह ही अपनी अकादमी में टी-20 मैच कराया था और इसे फर्जी तरीके से श्रीलंका के बादुला शहर में आयोजित युवा टी-20 मैच बताकर इसका ऑनलाइन प्रसारण कराया और इस पर ऑनलाईन सट्टा लगवाया।

नये नियमों के साथ ओवर रेट बनाये रखना मुश्किलः अजहर

मैनचेस्टर (वार्ता)। पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान अजहर अली ने इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज से पहले कहा है कि कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के मद्देनजर क्रिकेट में लाये गये नये नियमों के साथ मैच के दौरान ओवर रेट को सही बनाये रखना थोड़ा मुश्किल होगा।

अजहर ने गेंद को लार से चमकाने पर लगाये गये प्रतिबंध की ओर इशारा करते हुये कहा कि उनकी टीम के समक्ष खेल की गति को बनाये रखने के साथ-साथ अन्य चुनौतियां भी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन चुनौतियों से जल्द निपट लिया जाएगा।

कोरोना वायरस महामारी के खतरे को कम करने के लिए अब गेंदबाजों को हर बार गेंदबाजी करने के लिए आने के दौरान अपने स्वैटर और कैप को अंपायर को सौंपने के बजाय मैदान की सीमा रेखा के बाहर रखना होगा। पाकिस्तान ने वोरसेस्टर में पांच और छह जुलाई को अभ्यास मैच में इस तरह की चुनौतियों का सामना किया है। अजहर ने कहा, ÷यह कुछ ऐसी स्थिति है जिसे हमें अपनाना है। इस मौसम में गेंदबाजी के दौरान केवल तेज गेंदबाजों को ही पसीना आता है इसलिए गेंद को चमकाना हमारे लिए एक चुनौती है लेकिन यह स्थिति मौसम के गर्म होने के साथ बदल जाएगी।

वेस्टइंडीज को इंग्लिश परिस्थितियों के हिसाब से ढलना होगा :लारा

साउथम्पटन (वार्ता)। वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा ने कहा है कि वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में परिस्थितियों के अनुसार चलने की जरूरत है। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लारा ने कहा कि विंडीज को इन मैचों को चार दिनों में जीतना होगा क्योंकि वेस्टइंडीज टीम पांच दिनों तक मैदान पर टिक नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है लेकिन उनका बल्लेबाजी औसत 2017 में इंग्लैंड दौरे के बाद से 19 टेस्टों में केवल 23.59 रहा है। उन्होंने कहा, ÷वेस्टइंडीज को मैच में तुरंत अपनी पकड़ बनानी होगी। इंग्लैंड को उनके देश में आसानी से हराना मुश्किल है और वे प्रबल दावेदार हैं। कोरोना के कारण 117 दिनों से स्थगित क्रिकेट की इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बुधवार को साउथम्पटन में जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण में शुरुआत होगी।

धोनी ने गांगुली को उनके आखिरी टेस्ट में दिया था कप्तानी का मौका

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के दो सबसे सफल कप्तानों महेंद्र सिंह धोनी और सौरभ गांगुली के जन्मदिन एक दिन के अंतराल में आते हैं और यह भी दिलचस्प है कि धोनी ने गांगुली को उनके आखिरी टेस्ट के अंतिम दिन भारत की कप्तानी देकर सम्मानजनक विदाई का मौका दिया था। धोनी सात जुलाई को 39 साल के हुए थे जबकि गांगुली आठ जुलाई को 48 साल के हुए। भारत को दो बार विश्वकप जिताने वाले धोनी ने गांगुली को उनके आखिरी टेस्ट के अंतिम दिन भारत की कप्तानी संभालने का मौका दिया था। बात 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर टेस्ट की है। गांगुली का यह अंतिम टेस्ट था, उन्होंने चार टेस्टों की इस सीरीज से पहले ही कह दिया था कि यह उनकी आखिरी सीरीज होगी। गांगुली सीरीज के चारों टेस्टों में खेले और उन्होंने कुल 324 रन बनाए।

गांगुली को हर्षवर्धन ने दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। डॉ हर्षवर्धन ने बुधवार को ट्वीट करके कहा,÷ क्रिकेट को नयी दिशा दिखाने वाले टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एवं बीसीसीआई अध्यक्ष श्री सौरव गांगुली जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।

भारत में ही हो आईपीएल, विदेश में होने से लागत बढ़ जाएगीः गांगुली

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के पूर्व कप्तान एवं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने बुधवार को कहा कि वह चाहते हैं कि इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आयोजन भारत में हो क्योंकि देश से बाहर इस टूर्नामेंट के होने पर लागत बढ़ जाएगी।

आज 48वां जन्मदिन मना रहे गांगुली ने कहा कि आईपीएल भारत में ही होना चाहिए क्योंकि यह देश के अंदर होने वाले मैचों का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है लेकिन इस संबंध में आगे निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने इंडिया टुडे इंस्पिरेशन से कहा कि आईपीएल के देश से बाहर होने से हर किसी के लिए खर्च बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के कारण आईपीएल के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद बीसीसीआई की प्राथमिकता है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत में ही हो।

बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि पूरी दुनिया के लिए इस डरावने समय में क्रिकेट के लिए सामान्य स्थिति में लौटना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आयोजन पर कोई भी निर्णय ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी तरह के निर्णय के बाद ही लिया जाएगा।

गांगुली ने कहा, ÷हम चाहते हैं कि आईपीएल हो, जैसे कि मैंने कहा क्रिकेट की वापसी जरूरी है। आईपीएल को 29 मार्च से शुरू होना था लेकिन कोरोना के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। यदि इस साल आईपीएल का आयोजन नहीं होता है तो बीसीसीआई को लगभग चार हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। आईपीएल के 13वें सत्र के आयोजन को लेकर बीसीसीआई की सारी उम्मीदें अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप को टाले जाने पर टिकी हुई हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस महीने विश्व कप के आयोजन को लेकर फैसला करना है। गांगुली ने कहा, ÷हम चाहते हैं कि आईपीएल हो क्योंकि जीवन को वापस सामान्य करने की आवश्यकता है। क्रिकेट को वापस सामान्य होने की जरूरत है लेकिन टी-20 विश्व कप को लेकर आईसीसी का कोई फैसला अभी तक नहीं आया है। इस बीच, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईपीएल की मेजबानी की पेशकश की है। वर्तमान समय में भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों के बीच सभी तरह की अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर प्रतिबंध है। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल का कहना है कि बोर्ड को घरेलू जमीन पर आईपीएल के आयोजन की उम्मीद है और उसके बाद ही विदेशी जमीन पर विचार होगा। न्यूजीलैंड, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात के प्रस्ताव पर आईपीएल संचालन परिषद की अगली बैठक में विचार किया जा सकता है।

रानी के संघर्ष और उपलब्धि से मिलती है उम्मीदः राजविंदर

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम में जगह बनाने के लिये बेताब पंजाब के नौशेहरा की राजविंदर कौर ने कहा कि उन्होंने भारतीय कप्तान रानी के संघर्ष से प्रेरणा ली है। राजविंदर के पिता ऑटोरिक्शा चालक और मां गृहणी हैं। ऐसे में उनका जीवन में काफी संघर्षपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा, ÷मैं एथलीट बनना चाहती थी। मैं दौड़ने में तेज थी लेकिन जब मैं नौवीं कक्षा में पढ़ रही थी तब मेरी सीनियर ने मुझे हॉकी खेलने की सलाह दी और तब मैंने उनकी बात पर अमल भी किया। उन्होंने कहा, ÷मुझे वर्ष 2017 में सीनियर राष्ट्रीय शिविर से जुड़ने का मौका मिला जहां मैंने कई शीर्ष खिलाड़ियों से बातचीत की। हर कोई मुश्किल परिस्थितियों से निकलकर यहां तक पहुंचा है और हर किसी की निजी कहानी प्रेरणादायी है लेकिन रानी जब युवा थी तब उनका संघर्ष और उपलब्धियां देखकर मेरे मन में भी आगे बढ़ने की उम्मीद जगी।÷ राजविंदर वर्ष 2017 के बाद से सीनियर राष्ट्रीय कोर संभावित समूह में नियमित होने के बाद धैर्यपूर्वक अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का इंतजार कर रही हैं।

प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद जिला पंचायत के दफ्तर का खुला ताला

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला पंचायत के दफ्तर में अफसरशाही के चलते लगाया गया ताला आखिरकार प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के दखल के बाद शनिवार से खुल गया। शनिवार, सोमवार और मंगलवार को दिन भर जिला पंचायत दफ्तर का गेट आम लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए खुला रहा। हमारे प्रतिनिधि ने स्वम आम लोगों के साथ इसका अलग अलग समय मे अवलोकन किया।

इधर गेट में की तालाबंदी के हटने के बाद ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार जताया है वहीं इस मामले को लेकर सजगता से खबर प्रसारित करने वाले दैनिक अखबार की भी सराहना की है। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने और ग्रामीणों ने कार्यालयीन समय में दफ्तर पर लगाए गए ताले को खोले जाने को लेकर जिला पंचायत के अफसर को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि अब यह दफ्तर फिर से आम लोगों के खुल गया।

खबर पर लगी मुहर

ज्ञात हो कि जिला पंचायत के अफसर द्वारा कोरोना भय के चलते 26 जून से जिला पंचायत के दफ्तर में कार्यालयीन समय में तालाबंदी कर दी गई थी। जिसके चलते ग्रामीणों से जुड़ा या विभाग आम नागरिकों, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के लिए एक प्रकार से बंद हो गया था दफ्तर केवल विभागीय कर्मचारियों तक ही सीमित हो गया था, तालाबंदी के चलते अपनी समस्या लेकर आए लोगों के अलावा अन्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी भी परेशान थे क्योंकि जब भी अपने काम से आते थे तो उन्हें बाहरी रोक दिया जाता था और उनकी फाइल केवल जाती थी कभी-कभी फाइल जांच के बाद जल्दी लौटा दीजाती थी तो कभी कभी कर्मचारियों को आधे घंटे से अधिक समय तक इंतजार भी करना पड़ता था। ताला खोलने के बाद अब इन अधिकारी कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर हमारे अखबार ने लगातार प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिसके चलते यह मुद्दा ना केवल जिले से लेकर राजधानी तक पहुंचा बल्कि गरियाबंद जिला मुख्यालय मे जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेने आए जिले प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी संज्ञान मे लिया और इस मुद्दे को समीक्षा बैठक मे भी रखा। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत के अफसर से सीधे पूछा था कि तालाबंदी की वजह क्या है? उन्होंने अफसर से सीधे कहा था कि बिना ठोस कारण तालाबंदी सही नहीं है। जिसके बाद मामले मे प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद गेट पर लगा ताला हटा दिया गया।

न्यूज गैलरी

वार्ड 22 में मिनी गार्डन और महावीर स्तंभ जल्द

महासमुंद। हाईस्कूल के पीछे वार्ड 22 में 10 लाख की लागत से मिनी गार्डन और महावीर स्तंभ जल्द ही स्थापित किए जाएंगे। जैन समाज की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने इसकी स्वीकृति दे दी है। पं जयलाल प्रसाद शर्मा वार्ड 22 हाईस्कूल के पीछे पानी टंकी के पास महावीर स्तंभ और करीब 25 सौ स्क्वायर फीट जमीन पर मिनी गार्डन बनाने की प्रस्ताव को नगर पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने हरी झंडी दे दी है। मंगलवार को जैन समाज के अध्यक्ष डॉ भागचंद गोलछा, समाज के सचिव पारस चोपड़ा, सहसचिव एवं पार्षद महेन्द्र जैन ने एक मांगपत्र पालिका अध्यक्ष को सौंपी है। जिसे संज्ञान में लेते हुए पालिका अध्यक्ष ने इंजीनियर को तत्काल स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। इंजीनियर ने करीब 10 लाख की लागत बताई। इसमें मिनी गार्डन बनाया जाएगा। जिसमें 2.50 लाख खर्च किया जाएगा। एक लाख लाइट पर लगाए जाएंगे। 2 लाख से बाउंड्रीवाल का निर्माण होगा और 4. 50 लाख से जैन समाज का प्रतीक चिन्ह अहिंसा परमो धर्म एवं महावीर स्तंभ का निर्माण किया जाएगा। जैन समाज के पदाधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष का आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर सभापति संदीप घोष, पार्षदद्वय मीना वर्मा, जगतराम महानंद, पूर्व पार्षद खिलावन बघेल, महेन्द्र सिक्का, गोलू मदनकार, पालिका इंजीनियर बीआर साहू उपस्थित थे।

बाइक की सीट के नीचे ले जा रहा था गांजा, पकड़ाया

महासमुंद। खल्लारी पुलिस ने 4 किलो गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 20 बी एनडीपीएस की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर एनएच 353 पर नाकाबंदी की इसी दौरान मोटर साइकिल बजाज सीडी डिलक्स ओडी एल 8860 पहुंची जिसकी तलाशी लेने पर सीट के नीचे 4 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी ग्राम नकरीगुड़ा थाना जूनागढ़ जिला कालाहांडी निवासी देवेन्द्र मेहरा पिता शिशुपति मेहरा (44) उड़ीसा के खिलाफ 20 बी एन डी पी एस के तहत कार्रवाई की है।

रेत से भरी तीन गाड़ी पकड़ाई

महासमुंद। शासन-प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद जिले की रेत खदानों में दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन जारी है। खानापूर्ति के लिए गिनती के वाहनों का चालान काट दिया जाता है। मंगलवार को खनिज विभाग ने भिलाई की दो तथा बेमेतरा की एक हाइवा को पकड़ा। विभागीय कर्मचारी जितेंद्र चंद्रकार ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में बताया कि उक्त वाहनें सड़क के किनारे खड़ी मिली। जिनमें रेत लोड होने के कारण इनपर कार्रवाई की गई।

सर्पदंश से महिला मृत

महासमुंद। सर्पदंश से पीड़ित महिला की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम तेलीबांधा निवासी महिला चेतना पति वेदराम यादव को परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए लेकर निकले। झलप में प्राथमिक उपचार के बाद उसे पिथौरा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई।

पत्नी की पिटाई, पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में शराबी पति ने नशे में पत्नी की पिटाई कर दी। पीड़िता पत्नी रूखमणी यादव ने पुलिस को बताया कि शराब के नशे में घर आए पति ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने पति किशन यादव के खिलाफ 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रैक्टर से गिरा, केजव्हील से कुचलकर मौत

महासमुंद। ग्राम साल्हेझरिया में खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर में सवार हेमंत भोई गिरा गया। केजव्हील उस पर चढने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक सीजी 04 डीएम 1793 के चालक राजेन्द्र साहू के खिलाफ पर 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।

मिट्टी तेल सेवन से बालिका की मौत

महासमुंद। मिट्टी तेल का सेवन करने से दो वर्षीय बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। तुमगांव पुलिस ने बताया कि कर्राडीह निवासी किरण पिता राजेश ध्रुव ने खेलते हुए मिट्टी तेल पी लिया। गंभीर हालत में उसे रायपुर मेकाहारा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

चपरासी से परेशान महिला पंचों ने दी इस्तीफा देने की चेतावनी

■ कार्यवाही की मांग को लेकर विधायक से की शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। ग्राम पंचायत कांपा में नियुक्त चपरासी से त्रस्त महिला पंचों ने इस्तीफा देने की चेतावनी दी है। मंगलवार को महिला पंचों ने विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर चपरासी को हटाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत कांपा की पंच

शकीला बानो, शकीना बानो, नूतन बंजारे, कल्याणी दुबे, हुमन दुबे सहित ग्रामीण इदरीश खान, तब्रेज अली, चुनेश दुबे आदि ने मंगलवार को विधायक निवास पहुंचकर विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। उन्होंने विधायक श्री चंद्राकर को बताया कि यहाँ तारेन सोनी को चपरासी नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा महिला पंचों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। बीते 4 जुलाई को कुछ महिला पंच पंचायत भवन में एकत्र हुई थीं। इसी दौरान चपरासी ने महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए दुर्व्यवहार किया। इसकी शिकायत मौके पर मौजूद सरपंच व उपसरपंच से शिकायत की गई। लेकिन अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गई है। उल्टे उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। जबकि उन्हें तत्काल उसके पद से हटाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चपरासी को नहीं हटाने पर वे अपने पंच पद से इस्तीफा देने मजबूर हो जाएंगे। जिस पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि इस मामले में वे संबंधित अधिकारी से चर्च कर आवश्यक पहल करेंगे।

505 लीटर महुआ शराब के साथ 3 गिरफ्तार, महुआ पाश व शराब बनाने का सामान जब्त

महासमुन्द। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय महासमुंद श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशानुसार एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमति मेघा टेमभुलकर तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री विकास कुमार पाटले के मार्गदर्शन में क्षेत्र मे लगातार अपराधों पर अकुंश लगाने सतत प्रयास किया जा रहा हैएवम अवैध जुआ शराब पर सतत निगाह रखा जा रहा है कि दिनांक 07/07/2020 को जरिये मुखबिर सूचना मिला कि ग्राम डोंगरिपाली के नाला किनारे में कुछ लीग भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बना रहे हैकी सूचना पर मौके पर पहुचकर आरोपी मुक्तेस्वर पिता गणेश राजपूत उम्र 29 साल कुलेस नाक पिता दिलीप नाग उम्र 26साल प्रेम पटेल पिता कृष्ण लाल पटेल उम्र 20 साल निवासी डोंगरिपाली को घेरा बंदी कर पकड़े जो नाला किनारे 3 भट्ठा चढ़ाकर महुआ शराब बना रहे थे एवम शराब बनाकर रखे थे तथा मौके पर भारी मात्रा में महुआ का पास मिला जिसे नष्ट किया गया आरोपियों के कब्जे से सफेद रंग के 20लीटर वाली 06जरकीनो में भरा हुआ कुल 120 लीटर एक पिले रंग के 20लीटर वाली जरकिन में भरा हुआ 20 लीटर 2नग सफेद रंग के10 लीटर वाली जरकिन में भरा हुआ20 लीटर एक सफेद रंग के 40 लीटर वाली जरकिन में भरा हुआ40 लीटर दो नग हरे रंग के 40 लीटर वाली ड्रम में भरा हुआ80 लीटर एक सफेद रंग के05 लीटर वाली जरकिन में भरा हुआ 05 लीटर 06 नग छोटा स्टील गुंडी प्रत्येक में करीबन 15-15 लीटर भरा हुआ कुल 90 लीटर दो नग बड़ा गंज में करीबन 65-65 लीटर भरा हुआ कुल 130 लीटर कुल 505 लीटर महुआ शराब एवम शराब बनाने का सामान 03नग बड़ा गंज 03 नग छोटा गंजी 03 नग प्लास्टिक पाईप जुमला कीमती 50500 रुपये आरोपियों के कब्जे से जब्त कर थाना सरायपाली में अपराध क्रमाक243/2020 धारा 34(2)पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्लिका तिवारी सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा महिला प्रधान आरक्षक हेमाद्री देवता आरक्षक चन्द्रमणि टीकाराम नायक सैनिक इस्वर राणा का विवेष योगदान रहा।

अनैतिक कार्य करने वाले भूपेश नैतिकता का पाठ ना पढ़ाएं – देवजी पटेल

खरोरा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता श्री देवजी भाई पटेल ने भूपेश बघेल के द्वारा रमन सिंह पर 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ को लूटने का निराधार आरोप को गलत बताते हुए कहा कि, भूपेश बघेल 15 वर्ष के शासन काल में 10 वर्ष विधानसभा के सदस्य रहे भाजपा सरकार में कांग्रेस सशक्त रूप में विपक्ष में रहे, भूपेश बघेल सहित सारे कांग्रेस के नेता 15 वर्ष में एक भी आरोप सरकार के मुख्यमंत्री एवं मंत्री पर सिद्ध करना तो दूर आरोप भी नहीं लगा पाए, भाजपा के रमन सिंह की सरकार में उनके विधायक होते हुए भी मै छत्तीसगढ़ के हित में अपनी सरकार रहते भी कभी चुप नहीं रहा, वहीं कांग्रेसी 15 वर्ष में विपक्षी के रूप में कभी किसी मुद्दे पर सरकार को कटघरे में नहीं खड़ा कर सके आज सरकार में आने के बाद सत्ता के मद में मदमस्त हैं। मैं तो हैरान हूं ही, छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ीयों की बात करने वाले लोग भी कथनी व करनी देख सारा छत्तीसगढ़ स्तब्ध है, अलीबाबा और उनके चालीस चोर केवल छत्तीसगढ़ को लूटने में लगे हुए हैं।

हर पांचवें दिन लोग हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार

खरोरा। खरोरा व आस पास के ग्राम में यहां औसतन हर 5 दिनों में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मौत। सबसे अधिक हादसे रायपुर - बलौदा बाजार रोड में व खरोरा- नहरडीह मार्ग में शराब दुकान होने के कारण हुई है । विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 से 17 तक नगर व आस पास के छेत्रो में कुल 955 हादसे हुए हैं, जिनमें मरने वालों की संख्या 153 है और करीब 1100 लोग घायल हुए। इनमें से कई जीवनभर के लिए अपाहिज भी हो गए हैं।

पिछले दो दिनों में सड़क दुर्घटनाओं में इनकी जान गई: इसी बीच अभी पिछले 2 दिनों में खरोरा से लगे केशला एवं परसदा में भी भयंकर दुर्घटना हुआ है व कल रात ही कोसरंगी में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई जिसमे परसदा की दुर्घटना में ग्राम परसदा के ही एक 24 वर्षीय नवयुवक की दर्दनाक मृत्यु हो गयी है, तो वही केशला में भी एक महिला की सड़क दुर्घटना में ही मृत्यु हो गयी है। और ना जाने आने वाले दिनों में यह रोड कितनो को अपना शिकार बनाएगी।

वही कल 4जुलाई को बुडेरा निवाशी नरेश यदु की अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा लपरवाहींपूर्वक चलाकर एक्सिडेंट किया है जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । रात को तेज रफ्तार हाइवा का खौफदिन ब दिन बढ़ता जा रहा अवैध खनन करने वाले गाड़िया तेज रफ्तार से चलती है उनके लिए लोगो की जीवन का कोई महत्व नही है ।

निलेश गोयल ने स्वास्थ केन्द्र को डोनेट किए 11 हजार रुपए

खरोरा। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे नाक कान गला रोग विशेषज्ञ के डॉक्टर की पद स्थापना होने के पश्चात भी मरीजों को नहीं मिल पा रहा था समुचित लाभ वर्तमान मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डा. अनुपमा धनजंय अपनी सेवाएं प्रदान कर रहीं हैं मगर आवश्यक मेडिकल उपकरण के अभाव मे मरीजों के मर्ज का इलाज करने मे असमर्थ हो रही थी। मेडिकल उपकरण मे आवश्यक हैड लाईट (नाक गला रोग के परिक्षण हेतु) के अभाव को श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक खरोरा के अध्यक्ष निलेश गोयल ने संज्ञान मे लेते हुए ग्यारह हजार रूपये की हैड लाईट स्वास्थ्य केन्द्र को डोनेट किया बी. एम ओ. डा. आशिष सिन्हा ने इस महत्वपूर्ण मेडिकल उपकरण प्रदान करने के श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रति आभार प्रदशित किया वहीं डा. सिन्हा ने बताया की सप्ताह मे प्रत्येक बुधवार को नाक कान गला के रोगीयों का ईलाज नाक, कान , गला विशेषज्ञ डा. अनुपमा धनंजय द्वारा किया जावेंगी ।

मुनगा अभियान का हिस्सा बना मुढिपार पंचायत

खरोरा। जनपद पंचायत कसडोल के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुढिपार भी आज मुनगा वृक्ष लगाने का अभियान का हिस्सा बना। ग्राम पंचायत के मुढिपार सुकदा खेरवारडीह तथा भोथाही मे प्रा शा तथा पुर्व माध्यमिक शालाओ मे तथा आंगनवाडी केन्द्रो मे मुनगा के पौधे वन विभाग से लगया गया। संक्षिप्त समारोह मे सरपंच श्रीमति धन पटेल ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की हम राज्य सरकार के बहुत आभारी हैं की मुनगा की विशेष महता को ध्यान मे रखते हुए इसके संरक्षण पर ध्यान दे रहे हैं और इसे एक अभियान के रुप मे शुरु कर जन जन तक पहुचा रहे हैं आगे कहा की मुनगा बहुत सारे जरुरी खनिज और विटामिनस से भरपुर पोसक आहार हैं खास कर गर्भवती तथा शिशुवाति माताओ के लिये एक अमृत समान आहार हैं इसे हर घर मे आहार के रुप मे लेना चाहिये। इसके फल अलावा पत्तो को भी भाजी के रुप मे खाना चाहिये।

मानपुर के युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

महासमुंद। कांग्रेस की नीति व क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत मानपुर में मंगलवार को युवाओं ने विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की मौजूदगी में कांग्रेस प्रवेश किया। विधायक श्री चंद्राकर ने गुलाब फूल भेंटकर सभी युवाओं का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया।

ग्राम पंचायत मानपुर में पचरी निर्माण का लोकार्पण तथा सीसी रोड व मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष व पचपेड़ी में सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित था। इसी दौरान कांग्रेस नेता हीरा बंजारे की पहल पर ईश्वर बारले, शत्रुघन, रूमेश साहू, गोपीचंद ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, राहुल बारले, खुबदास ओगरे, बिरझू यादव, रामेश्वर ध्रुव, नीलकमल साहू, गुनेश्वर, गजेंद्र साहू, भीम ध्रुव, हीरा नारंग आदि ने कांग्रेस प्रवेश किया। कांग्रेस प्रवेश करने वाले युवाओं को विधायक श्री चंद्राकर ने गुलाब फूल भेंटकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से वन लोहझर आंगनबाड़ी केन्द्र हुआ कुपोषण मुक्त

गरियाबंद। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत मिले पौष्टिक आहार, बिस्कीट, सोया,चिकी एवं देवभोग 'घी' का असर साफ दिखने लगा है। छः माह पहले इस केन्द्र में 1 गंभीर कुपोषित और 2 मध्यम कुपोषित बच्चे दर्ज थे। सतत निगरानी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा पर्यवेक्षक के मेहनत से तीन माह में ही सभी बच्चे सामान्य श्रेणी में आ गए है। छुरा परियोजना के सेक्टर सोरिद अंतर्गत वंनाचल क्षेत्र में स्थित ग्राम वन लोहझर-02 (करपीदादर) आंगनबाड़ी केंद्र का यह प्रयास रंग लाया है। सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रीमती खिलेश्वरी साहू बताती है कि इस केन्द्र में छः माह से तीन वर्ष के

कुल 14 बच्चे और तीन से छः वर्ष के कुल 15 बच्चे दर्ज है। इस केंद्र में तीन कुपोषित बच्चों खुमेश कुमार, संजय और राजलक्ष्मी को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में हम सब एक टीम की तरह एक जुट हुए और लगातार इन बच्चों पर केन्द्रित होकर कार्य करते रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन के द्वारा बच्चों के घर जाकर लगातार सम्पर्क किया गया एवं बच्चों की देखभाल,साफ सफाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि के बारे में प्रदर्शन और समझाईश दिया गया। जिससे बच्चो के स्वास्थ्य में काफी सुधार देखा गया और वे पूरी तरह कुपोषण से मुक्त हो गए।

प्रक्रिया | पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया पंजीयन परिचय पत्र प्रदान

पीएम आत्मनिर्भर निधि अंतर्गत सड़क किनारे ठेला रेहड़ी व्यवसायियों को मिल सकेगा दस हजार तक ऋण

गरियाबंद। नगर पालिका परिषद गरियाबंद दीनदयाल अंत्योदययोजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा परिचय पत्र प्रदान कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता आत्मनिर्भर योजना जो कि 1 जुलाई 2020 से लागू कर दी गई है के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई

इस योजना के तहत सड़क किनारे ठेला ,रेहड़ी लगाकर व्यवसाय कर जीवन यापन करने वालों को दस हजार तक का ऋण रियायती ब्याज दर पर दिया जाएगा इस संबंध में, नगर पालिका अध्यक्ष एवं शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से बताया गया ,कि केंद्र परिवर्तित आत्मनिर्भर निधि पीएम स्व निधि योजना के, तहत शहरी पथ विक्रेताओं को व्यवसाय करने हेतु दस हजार तक का ऋण मात्र 7त ब्याज दर पर 1 वर्ष के लिए, प्रदान करने की योजना है। गरियाबंद शहरी निकाय अंतर्गत वर्तमान में 271,

शहरी पथ विक्रेताओं का पंजीयन समय सीमा के अंदर किया गया था। इन सभी पथ व्यापारियों को अपना व्यवसाय बढ़ाने एवं, आत्म निर्भर बनाने की, दृष्टि से 1 वर्ष की अवधि के लिए दस हजार तक का आर्थिक सहायता देने की योजना है। उन्होंने बताया कि कविड 19 के संक्रमण काल में लॉक डाउन की अवधि में इन शहरी पथ विक्रेताओं का व्यवसाय काफी प्रभावित हुआ है। उन्हें पुनः आत्मनिर्भर बनाकर व्यवसाय शुरू करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि की शुरुआत की गई है ।इसमें ऐसे पथ विक्रेताओं को जिन्हें अपने व्यवसाय को पुनः स्थापित करने के लिए उन्हें अधिकतम दस हजार तक का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंकों या माइक्रो फाइनेंस कंपनी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा कहा कि अधिक से अधिक पंजीकृत विक्रेताओं को योजना का लाभ दिलाने का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए अधिक जानकारी प्राप्त करने एवं फार्म हेतु नगरपालिका कार्यालय में, संपर्क कर सकते हैं ।नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा गफ्फार मेमन द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए यह भी स्पष्ट किया कि ब्याज अनुदान की पात्रता भी होगी यह केवल 1 वर्ष के लिए ही दिया जाएगा इस योजना में कोई मूलधन पर अनुदान नहीं है।


Congratulation
The Management and Teachers of
PARADISE HIGHER SECONDARY SCHOOL
Class XII 100% Result
School Toppers 2020 Class X
Priyanka Netam 92.16%
Bhawna Rani Sahu 91.16%
Prerna Bhaskar 89.5%
Ravindra Singh Bais 88.16%
Zeenat Shami 86.83%
Varsha Darro 85%
Sheikh Farhan 84.33%
Tanya Sinha 83.5%
Rachit Nagwanshi 82.5%
Chandrakant Dhruw 77.83%
Admission Open
2020-2021 (From 1st July)
for Nursery to Std. XII
Limited Seats
Rashmi Rajak
Principal
Address: Bhandari para, Imalipara, Kanker (C.G.)
Mo: 7000859519, 9425262119, 9425262118

पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई
पर्यावरण की रक्षा
दुनिया की सुरक्षा
मोहन सेनापति,
अध्यक्ष, सरस्वती कला मंच सत्य साईं
सेवा संगठन व पर्यावरण संरक्षक कांकेर

पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई
पर्यावरण पर है
सबका हक,
इसलिए इसकी रक्षा
भी है सबका कर्तव्य
पंचुराम नायक
सरपंच, कोदागांव,
अध्यक्ष भाजपा मंडल धनेलीकन्हार

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण पर है सबका हक, इसलिए
इसकी रक्षा भी है सबका कर्तव्य
निर्भय सिंह ठाकुर
कृषि स्थायी समिति, जनपद पंचायत मैनपुर

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
चलो इस धरती को रहने
योग्य बनाये, सभी मिलकर विश्व
पर्यावरण दिवस मनाये
और एक पौधा जरूर लगाए...
फिरोज खान
वन परिक्षेत्र अधिकारी, उत्तर उदंती मैनपुर

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण की रक्षा
दुनिया की सुरक्षा
नंदलाल वेदव्यास
वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरंगा

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण है हम सबकी जान
इसलिए करो इसका सम्मान
एक पेड़ सौ पुत्र समान
सुदर्शन नेताम
वन परिक्षेत्र अधिकारी, कुल्हाड़ी घाट

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण की रक्षा
दुनिया की सुरक्षा
इमरान विरानी
अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, कोण्डागांव
कपिल नाग
युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष
कोण्डागांव

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
पर्यावरण है हम सबकी जान
इसलिए करो इसका सम्मान
एक पेड़ सौ पुत्र समान
वन परिक्षेत्र अधिकारी भोपालपट्टनम
जिला - बीजापुर (छ.ग.)


कोरोना से खुद बचें
पर्यावरण को बचाएं
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
● आपस में 1 मीटर की दूरी बनाए रखें
भीड़ में ना जाएं।
● साबुन से कम से कम 20 सेकण्ड तक
दिन में कई बार हाथ धोयें।
● बिना मास्क लगाए घर से ना निकलें।
● मास्क एवं ग्लब्स को सामान्य कचरे में डालने से
पूर्व काट लें व 72 घंटे तक पेपर बैग में पृथक रखें।
विश्व
पर्यावरण
दिवस
5 जून 2020
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल